* वर्ष 40 * अंक 95 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शनिवार दिनांक 4 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाइवे पर भीषण हादसा

### ब्रेक फेल हुए ट्रेलर ने सवारियों से भरे टेंपों को मारी टक्कर

## मां-बेटे समेत 5 की मौत, 9 घायल





**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे एनएच-27 पर गोगुंदा-पिंडवाड़ा के पास शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे यह हादसा हुआ। हादसे में 9 लोग घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया था। इस कारण वह टैंपो से जाकर भिड़ गया। 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ट्रेलर का ड्राइवर मौके से भाग गया। जानकारी के अनुसार हादसा नेशनल हाईवे पर मालवा का चौरा पुलिया के पास हुआ। यहां सालेरिया गांव से हाईवे पर आने के लिए कट बना है। सालेरिया गांव से सवारियां लेकर टैंपो चालक इसी कट से हाईवे पर आया था। वह देवला की तरफ जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि सवारियां उछलकर बाहर जा गिरीं और टैंपो बुरी तरह पिचक गया। हादसे की सूचना पर एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, कोटड़ा डीवाईएसपी, बेकरिया थानाधिकारी उत्तम सिंह, मौके पर पहुंचे।

**टैंपो में सवार थे 14 लोग :** हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर भगवत सिंह झाला ने बताया कि टैंपो में 14 सवारियां थीं। ट्रेलर के ब्रेक फेल होने की सूचना हमें पहले ही लग चुकी थी। हमने तुरंत आगे पुलिस थाने में और अन्य टीम के सदस्यों को सूचना दी थी, लेकिन उससे पहले ही ये हादसा हो गया। मैं तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचा और घायलों को एंबुलेंस में शिफ्ट कर ही रहे थे, उसी वक्त तीन लोगों ने मेरे हाथ में ही दम तोड़ दिया।

झाला ने बताया कि मरने वालों में 4 महिलाएं और बच्चा है। महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बच्चे की हॉस्पिटल ले जाते समय मौत हो गई। हादसे में 9 लोग घायल हैं, जिनमें से 8 को उदयपुर रेफर किया गया है।

**मां-बेटे की मौत :** बेकरिया हॉस्पिटल के डॉ. सुग्रीम सिंह गुर्जर और डॉ. प्रियंका शर्मा ने बताया- हादसे में मां-बेटे की भी मौत हो गई। पुष्पा (40) पत्नी सोहनलाल गरासिया निवासी सालरिया गांव कोटड़ा, मंजूबाई (25) पत्नी सोमाराम गरासिया निवासी उपलवास, कस्तुबाइ (45) पत्नी खुमाजी गरासिया, ममता(22) पत्नी गोमाराम गरासिया निवासी गाडलिया और ममता के बेटे टुमाराम (2) की मौत हो गई। वहीं पुष्पा का बेटा आदित्य (12), मंजू की पुत्री गुड्डी, सुरेश (12) पुत्र मंशा राम, सतीश (2) पुत्र रमेश, गीता (5) पुत्री मोहन, सवी बाई (23) पत्नी रमेश, अनीता बाई (25) पत्नी नरसा राम और गोमी बाई (45) पत्नी जीताराम गरासिया घायल हो गए।

पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा दिया है, जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को होगा। पुलिस के अनुसार मृतकों में अधिकांश सालरिया, डांग और ग्रामीण अंचल के थे, जो अपनी घर गृहस्थी का सामान लेने के लिए एक साथ देवला चौराहे जाते थे। इनमें से अधिकांश अपनी घर-गृहस्थी का सामान लेने के लिए देवला की ओर जा रहे थे।

## मां-बाप की इजाजत बिना बच्चे नहीं बना पाएंगे सोशल मीडिया अकाउंट?

### सरकार ने बहुप्रतीक्षित डीपीडीपी नियमों का मसौदा जारी

### अंतिम रूप देने के लिए 18 फरवरी के बाद होगा विचार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने बहुप्रतीक्षित डिजिटल व्यक्तिगत डाटा सुरक्षा (डीपीडीपी) नियमों का मसौदा जारी किया है। इसमें इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को लेकर कई तरह के नियमों का जिक्र किया गया है। हालांकि इसमें उल्लंघन के लिए किसी दंडात्मक कार्रवाई का उल्लेख नहीं है। संसद ने लगभग 14 महीने पहले डिजिटल डाटा सुरक्षा विधेयक 2023 को मंजूरी दी थी। जिसके बाद मसौदा नियम जारी किए गए हैं।

इस ड्राफ्ट में कहा गया है कि 18 साल से कम के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट बनाने से पहले पैरेंट्स से अनुमति लेना जरूरी होगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि निजी डेटा शेयर करने से पहले मां-बाप को इसकी जानकारी हो। ड्राफ्ट नियमों में यह भी कहा गया है कि डेटा कलेक्शन एंटिटी को भी ध्यान रखना होगा कि जो भी व्यक्ति खुद को बच्चे का मां या बाप बता रहा है, उसके पास कोई कानूनी आधार है या नहीं।

सार्वजनिक परामर्श के लिए नियमों के मसौदे को प्रकाशित किया गया है। मसौदा नियमों को अंतिम रूप देने के लिए 18 फरवरी के बाद विचार किया जाएगा। मसौदा अधिसूचना में कहा गया, डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 (2023 का 22) की धारा 40 की उप-धाराओं (1) और (2) की शक्तियों का उपयोग करते हुए केंद्र सरकार द्वारा अधिनियम के लागू होने की तिथि को या उसके बाद बनाए जाने वाले प्रस्तावित नियमों का मसौदा प्रकाशित किया जाता है। मसौदा नियमों में डिजिटल डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के तहत व्यक्तियों की सहमति लेने, डाटा प्रसंस्करण निकायों और अधिकारियों के कामकाज से संबंधित प्रावधान तय किए गए हैं।

अधिसूचना में कहा गया, उक्त मसौदा नियमों पर 18 फरवरी, 2025 के बाद विचार किया जाएगा। मसौदा नियमों में डीपीडीपी अधिनियम, 2023 के तहत स्वीकृत दंड का उल्लेख नहीं किया गया है। नियमों में व्यक्तियों से स्पष्ट सहमति पाने के लिए एक व्यवस्था के बारे में बताया गया है। किसी भी रूप में बच्चों से जुड़े आंकड़ों का उपयोग करने के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य की गई है। मसौदा सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए मायगव वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## जयपुर की महिला एसआई ने जीता मिसेज इंडिया ग्लैम टाइटल

### पहली बार रैंप पर उतरी थीं, ड्यूटी के साथ-साथ कैटवॉक की प्रैक्टिस की





**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर ने ब्यूटी पेजेंट में मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 का अवॉर्ड जीतकर सभी को चौंका दिया है। जयपुर में हुए इस कॉम्पिटिशन में देशभर से पार्टिसिपेंट शामिल हुए थे। दरअसल, गुरुवार को दिल्ली हाईवे के एक रिजॉर्ट में मिस एंड मिसेज इंडिया सीजन-6 का आयोजन किया गया था। इसमें वैशाली नगर थाने में पोस्टेड सब-इंस्पेक्टर हेमलता शर्मा भी रैंप पर उतरीं। उनकी जीत पर सीनियर अधिकारियों ने कहा कि हेमलता की जीत सभी के लिए गर्व की बात है।

**पहली बार उतरी थी रैंप पर, ड्यूटी के दौरान आयोजकों से मिली थी**

हेमलता शर्मा ने बताया कि इवेंट से पहले इस पेजेंट के आयोजक उनसे मिले थे। हालांकि, उन्होंने इस कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने से मना कर दिया था। क्योंकि वो पहले कभी ऐसे इवेंट में शामिल नहीं हुई थीं। तब उन्हें बताया गया कि इस इवेंट में मिस और मिसेज दो कैटेगिरी हैं और कॉन्सेप्ट एकदम साफ-सुथरा है। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि इस ऑफर के बाद उन्होंने अपने परिवार से भी बात की। जब सभी ने उन्हें इवेंट में शामिल होने के लिए सपोर्ट दिया तो उन्होंने तैयारी शुरू कर दी। इसके लिए उन्होंने एक्सपर्ट से भी मदद ली। रैंप पर प्रैक्टिस के दौरान वे कुछ नर्वस हुई थीं, लेकिन लगातार कोशिश के बाद उनमें काफी विश्वास आ गया था।

**मंच पर पहनाया क्राउन, अधिकारी बोले- ये हमारे लिए गर्व की बात**

मिसेज इंडिया ग्लैम-2025 के फाइनल में 15 प्रतियोगी थे। हेमलता को फाइनल जीतने पर आयोजको ने क्राउन भी पहनाया। राजस्थान पुलिस डिपार्टमेंट में हेमलता शर्मा की इस बड़ी उपलब्धि हासिल करने की खासी चर्चा है। पुलिस अधिकारियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी जा रही हैं । इस मौके पर वैशाली नगर क्षेत्र के एसीपी आलोक कुमार गौतम ने कहा कि हमारी पूरी पुलिस फोर्स के लिए गर्व का पल है। हेमलता ने इस खिताब को जीतकर साबित किया है कि बेटियों को बस मौका मिलने की देरी है। वह अपने आप को किसी भी मंच पर साबित कर सकती हैं। मेरे सर्किल पुलिस थाने की होनहार हमारी बेटी का यह देशव्यापी सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है ।

## भारत ने लद्दाख में चीन की काउंटी का विरोध जताया : कहा- इसका कुछ हिस्सा हमारे क्षेत्र में, चाइना होतान में दो नई काउंटी बना रहा





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने चीन की ओर से लद्दाख के कुछ इलाकों को अपना बताने पर विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन अपने होतान प्रांत में दो नए काउंटी (जिला) बनाने की कोशिश कर रहा है। इनका कुछ हिस्सा लद्दाख में पड़ता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा- भारत ने लद्दाख में चीन के अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। चीन के नए काउंटी का ऐलान करने से भारत की संप्रभुता पर कोई असर नहीं होगा। न ही इस क्षेत्र में चीन के अवैध और जबरन कब्जे को मान्यता मिलेगी। राजनयिक माध्यम से हमने इसकी शिकायत की है।

चीन ने बीते महीने होतान प्रांत में दो नई काउंटी हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया। इन काउंटियों में मौजूद कुछ इलाके भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा हैं। भारत ने साफ-साफ कहा है कि ये इलाका भारत का अभिन्न हिस्सा है और चीन का दावा पूरी तरह से अवैध है। वहीं, दूसरा मामला ब्रह्मपुत्र नदी से जुड़ा है। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर एक डैम बना रहा है, जिसे लेकर भारत ने आपत्ति जताई है।

**ब्रह्मपुत्र नदी पर डैम बनाने को लेकर भारत ने चिंता जताई**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि हमने इस बारे में सुना है कि चीन, तिब्बत में यारलुप त्यांगपो (ब्रह्मपुत्र) नदी पर बिजली बनाने से जुड़े एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।

प्रवक्ता ने कहा कि भारत में इस नदी का पानी नीचे जाकर मिलता है। हम इसका इस्तेमाल करते हैं, इसलिए हमने लगातार राजनयिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के सामने चिंता जताई है। हमने चीनी पक्ष से आग्रह किया है कि ब्रह्मपुत्र के डाउनस्ट्रीम राज्यों के हितों को इन गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे।

**दुनिया का सबसे बड़ा डैम बना रहा चीन**

रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन तिब्बत के इलाके में दुनिया के सबसे बड़ा डैम बना रहा है। ये डैम यारलुंग त्सांगपो नदी पर बनाया जाएगा। ये नदी भारत में आकर ब्रह्मपुत्र बन जाती है और बांग्लादेश में इसे जुमना नदी कहा जाता है। चीन ने हाल ही में इस डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

चीन इस परियोजना पर 137 अरब डॉलर खर्च करेगा, जो कि भूकंप वाले हिमालयी क्षेत्र में स्थित है। चीन के इस नदी पर डैम बनाए जाने की खबरों को लेकर भारत और बांग्लादेश के जानकारों ने चिंताएं भी जताई थीं। हालांकि चीन ने इस डैम प्रोजेक्ट का बचाव किया है।

चीन ने कहा कि यह प्रोजेक्ट बिल्कुल सेफ है। इसे कई दशकों की रिचर्स के बाद बनाया जा रहा है। चीन की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन ने हमेशा से क्रॉस-बॉर्डर नदियों के विकास की जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने बताया कि तिब्बत में हाइड्रोपावर डेवलपमेंट को दशकों की इन-डेप्थ स्टडी के बाद मंजूरी दी गई है। इसके बनने से निचले इलाके में रहने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

प्रवक्ता माओ ने कहा था कि चीन सीमावर्ती देशों के साथ बातचीत जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन निचली नदियों के किनारे मौजूद देशों के साथ भूकंप और आपदा प्रबंधन में मदद करेगा ताकि नदी के किनारे रहने वाले लोगों को फायदा हो सके।

मणिपुर में हिंसा

## एसपी ऑफिस पर पत्थरबाजी और फायरिंग

### कुकी समुदाय के हमले में एसपी और पुलिसकर्मी घायल; सुरक्षाबल हटाने की मांग कर रहे



हमले में घायल एसपी मनोज प्रभाकर

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार शाम को कुकी समुदाय के लोगों ने पुलिस अधीक्षक ऑफिस पर हमला कर दिया। हमले में एसपी मनोज प्रभाकर समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक कुकी लोगों की मांग इंफाल पूर्वी जिले के बॉर्डर पर मौजूद गांव सैबोल से सुरक्षाबल को हटाने की है। समुदाय का आरोप है कि एसपी ने सेंट्रल फोर्स को गांव से बाहर नहीं निकाला है।

अधिकारियों ने कहा कि आदिवासी एकता समिति (CoTU) ने डिप्टी कमिश्नर ऑफिस भी बंद कराया। स्कऑफिस पर फायरिंग की गई और पत्थर फेंके गए। कई वाहनों को नुकसान हुआ है। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए हैं। दरअसल, सैबोल गांव में 31 दिसंबर को सुरक्षाबलों ने कथित तौर पर महिलाओं पर लाठीचार्ज किया था। इसके विरोध में कुकी संगठन के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।

## पीएम बोले- दिल्ली में आपदा सरकार, ये कट्टर बेईमान लोग

### मैं भी शीशमहल बनवा सकता था, लेकिन गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनवाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार से चुनाव प्रचार की शुरूआत की। पीएम ने अशोक विहार में जनता को संबोधित करते हुए आप सरकार पर निशाना साधा।

मोदी ने आप सरकार को आपदा सरकार बताया। उन्होंने कहा- सत्ता में खुद को कट्टर बेईमान बताने वाले लोग बैठे हैं। जो खुद शराब घोटाले के आरोपी हैं। ये चोरी भी करते हैं और सीनाजोरी भी।

दिल्ली वालों को इस आपदा सरकार को सत्ता से हटाना है। आज हर गली कहती है आपदा को नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे। पीएम ने इस चुनाव के लिए नारा दिया कि आपदा को हटाना है, भाजपा को लाना है।

पीएम मोदी ने आज दिल्ली में 4500 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। उन्होंने दिल्ली के अशोक विहार में बने 1,675 फ्लैट्स का भी उद्घाटन किया। गरीबों के लिए नए घर का इनॉगरेशन करते हुए पीएम मोदी ने कहा- मैं भी शीशमहल बना सकता था। लेकिन मैंने कभी अपना घर नहीं बनाया, 10 सालों में 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिया है।

## केजरीवाल बोले- आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आई

### न दिल्ली चुनाव के लिए सीएम चेहरा है, न एजेंडा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं भाजपा में आई हुई है। भाजपा के पास न तो सीएम फेस है और न ही एजेंडा। पूर्व सीएम ने कहा- हमने दिल्ली में इतने काम किए हैं कि घंटों तक गिना सकते हैं। अपने 43 मिनट के भाषण में वे (पीएम) कोई काम नहीं गिना पाए।

केजरीवाल ने यह पलटवार पीएम मोदी की रैली के डेढ़ घंटे बाद किया। दरअसल, मोदी ने शुक्रवार को अशोक विहार में रैली के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आगाज किया। इस रैली में उन्होंने आप को दिल्ली के लिए 'आपदा की सरकार' बताया था। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के अंदर कानून-व्यवस्था की आपदा है। गैंगस्टर गोलियां चला रहे हैं, व्यापारी रो रहे हैं और सुरक्षा मांग रहे हैं। मोदी और शाह के कानों में आवाज नहीं पहुंच रही है।

उन्होंने कहा कि मैं मोदी जी से कहना चाहूंगा कि शाह जी से कहें सरकारें जोड़ने-तोड़ने से थोड़ा सा समय मिले तो दिल्ली की सुरक्षा पर ध्यान दें। जो काम हम कर रहे हैं, उसे आपदा नहीं, आशीर्वाद कहते हैं।

## इजराइल की सीरिया में सर्जिकल स्ट्राइक, वीडियो जारी : 3 घंटे में 120 कमांडो ने टनल में ईरान की मिसाइल फैक्ट्री तबाह की; 4 महीने पहले का ऑपरेशन



**तेल अवीव/ दमिश्क (एजेंसी)।** इजराइली वायुसेना ने सीरिया में 4 महीने पहले की सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो गुरुवार देर रात जारी किया। इजराइली वायुसेना के 120 एलीट कमांडो की एक स्पेशल यूनिट ने 8 सितंबर 2024 को सीरिया में 200 किमी घुसकर यह कार्रवाई की और ईरान की मिसाइल फैक्ट्री को तबाह कर दिया। इजराइली सेना के मुताबिक, ईरान ने पश्चिमी सीरिया के मस्फया इलाके में पहाड़ को खोदकर अंडरग्राउंड (जमीन के अंदर) मिसाइल फैक्ट्री बनाई थी। यहां से किलर मिसाइलें बनाकर उसे लेबनान में हिजबुल्लाह और असद की सेना को दिया जाता था। इजराइल के कमांडो ने टनल में अंदर जाकर ढाई घंटे तक विस्फोटक बिछाए और सुरक्षित बाहर निकल गए। इजराइल ने जब इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, उस समय सीरिया में बशर अल असद की सरकार थी। इस समय तक इजराइल, हिजबुल्लाह के साथ सीधी जंग में शामिल भी नहीं हुआ था।

**लोकेशन- डीप लेयर, ऑपरेशन- मेनी वेज**

इजराइली सेना ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन मेनी वेज' और स्ट्राइक की लोकेशन को 'डीप लेयर' नाम दिया था। इस ऑपरेशन को वायुसेना की शालडाग यूनिट ने अंजाम दिया। उसके साथ सर्च और रेस्क्यू यूनिट 669 भी मौजूद थी। पूरे ऑपरेशन के दौरान इजराइल के किसी भी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आईडीएफ के मुताबिक ईरान ने इस फैक्ट्री (डीप लेयर) को बनाने की शुरुआत 2017 में की थी। इसी साल इजराइल ने रॉकेट इंजन बनाने वाली फैसिलिटी CERS को एक हवाई हमले में तबाह कर दिया था। इसके बाद ईरान ने यहां अंडरग्राउंड मिसाइल फैक्ट्री बनाने की शुरुआत की। ईरान ने 2021 तक इस फैक्ट्री का निर्माण पूरा कर लिया था। साथ ही मिसाइल का प्रोडक्शन भी शुरू कर दिया था।

**मिशन की प्लानिंग और ट्रेनिंग**

आईडीएफ के मुताबिक इस फैक्ट्री को तबाह करने का आइडिया कई साल पुराना था। हालांकि पिछले एक साल से हमास और हिजबुल्लाह से जंग के दौरान इजराइल ने इसकी प्लानिंग शुरू की। शालडाग यूनिट की ट्रेनिंग और क्षमताओं की वजह से वायुसेना ने उसे इस मिशन को अंजाम देने के लिए चुना। स्ट्राइक के दो महीने पहले से शालडाग और यूनिट 669 के सैनिकों को इसके लिए ट्रेनिंग दी जा रही थी। इस ट्रेनिंग में लोकेशन के कई मॉडल भी शामिल किए गए थे। इसके जरिए ऑपरेशन के दौरान बैकअप को तैयार रखने की प्लानिंग की गई। ऑपरेशन से पहले इंटेलिजेंस यूनिट को अधिक सक्रिय किया गया। इसके जरिए सैनिकों के उतरने की लोकेशन और सुरंग में घुसने और नष्ट करने के मॉडल तैयार किए गए। साथ संभावित खतरों और सीरीया की सेना से निपटने के लिए भी तैयारी को भी ध्यान में रखा गया।

**8 सितंबर- द डे ऑफ एक्शन**

ऑपरेशन मेनी वेज के लिए 8 सितंबर का दिन चुना गया, क्योंकि इस दिन मौसम साफ था। इससे शाम के समय लोकेशन पर सैनिकों को ले जाने हेलिकॉप्टर्स को आसानी होती। शाम को शालडाग यूनिट के 100 कमांडो और यूनिट 669 के 20 सैनिक मिशन के लिए रवाना हुए। इन्हें वायुसेना के चार हेवी ट्रांसपोर्ट हेलिकॉप्टर सीएच-53 यासुर के जरिए इजराइल के एयरबेस से सीरिया के लिए रवाना किया गया। इनकी सहायता के लिए दो लड़ाकू हेलिकॉप्टर, 21 लड़ाकू विमान, 5 ड्रोन और 14 जासूसी विमान भी साथ भेजे गए। इसके अलावा 20 विमानों को इजराइल में स्टैंड-बाय पर रखा गया, जिससे कि प्लान फेल होने पर स्थिति को कंट्रोल में लिया जा सके। रडार से बचने के लिए हेलिकॉप्टर कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। हेलिकॉप्टर के साथ गए दूसरे विमानों और ड्रोन्स ने अलग-अलग लोकेशन को टारगेट किया। इस दौरान भारी हमले किए गए। इनका मकसद सीरियाई सेना का ध्यान भटकाना और उसकी डिफेंस फैसिलिटी को तबाह करना था। लोकेशन पर उतरकर टीम को दो हिस्सों में बांट दिया गया। पहली टीम ने लोकेशन को पूरी तरह से कवर किया। वहीं दूसरी टीम सुरंग में जाने के लिए गेट पर पहुंची। यहां पहुंचते ही उसने गेट के 2 गार्ड को मार गिराया और कमांडो सुरंग में प्रवेश कर गए। अगले 2 घंटे तक इन कमांडो ने सुरंग में बनी मिसाइल फैक्ट्री में 300 किलोग्राम विस्फोटक बिछाकर मिशन को अंजाम दिया। सुरंग गेट पर डेटोनेटर लगाए गए। इसके बाद सभी कमांडो वापस हेलिकॉप्टर में लौटे। उनके लौटते ही सुरंग में विस्फोट कर दिया गया। मिशन में शामिल एक कमांडो के मुताबिक ये विस्फोट इतना तेज था कि वहां एक हल्का भूकम्प भी आया। हमले के एक घंटे बाद सीरियाई सेना मौके पर पहुंची। तब तक वहां सब खत्म हो चुका था। इजराइली सेना के मुताबिक पूरे ऑपरेशन के दौरान उसने करीब 30 गार्ड और सीरियाई सैनिकों को मारा था।

## संक्षिप्त समाचार

### सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजित



**उदयपुर (पुकार)।** नव वर्ष के अवसर पर जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति की ओर से पं. सत्यनारायण चौबीसा एंव उनकी टीम की ओर से अशोका पैलेस में विश्वशांति जनकल्याण हेतु संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का अयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित, विशिष्ठ अतिथि सुरेशचन्द्र दिलावट,विजयसिंह कच्छावा, डॉ.एस.के.शर्मा,मधु माधवानी थी जबकि अध्यक्षता समाजसेवी मुकेश माधवानी ने की। सभी अतिथियों ने प्रारम्भ में श्रीराम के विग्रह पर पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के पश्चात कार्यक्रम में पं. सत्यनारायण चौबीसा के 56 वें जन्मदिन पर राजनाथसिंह द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 60 लोगों ने इसका लाभ लिया।

### डीपीएस के तीन खिलाड़ियों का पिस्टल एवं राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**उदयपुर (पुकार)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल उदयपुर के तीन होनहार खिलाड़ी 67वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में योग्यता प्राप्त कर इंडियन टीम ट्रायल कैंप हेतु चयनित हुए हैं। कक्षा नवमी के छात्र विनय जादौन ने 10 मीटर व 25 मीटर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में 555 का स्कोर हासिल किया। कक्षा दसवीं के राघवंश चौहान ने पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में 557 का स्कोर प्राप्त किया तथा इसी क्रम में कक्षा दसवीं की मनुश्री चौधरी ने राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 613.6 का स्कोर प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। प्रो. वाइस चेयरमैन गोंविद अग्रवाल ने खिलाड़ियों की इस प्रतिभा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह तीनों खिलाड़ी हमेशा से एक समर्पण के साथ अपना सतत श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर समूचा विद्यालय गौरव का अनुभव कर रहा है। प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाए प्रेषित की।

### उस्ताद साहब का 48वां उर्स संपन्न



**राजसमंद (पुकार)।** हजरत अबुल हसन बंगाली रहमतुल्लाह अलैह उर्फ उस्ताद साहब का 48वां उर्स मुबारक शुक्रवार को अकीदत से मनाया गया। इस मौके पर चादर शरीफ का जुलूस भी निकाला गया।

हजरत अबुल हसन बंगाली (र.अ.) उर्फ उस्ताद साहब के 48वें उर्स के तहत शुक्रवार को चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। जुलूस मौलाना अबुल हसन मुस्लिम सामाजिक सेवा संस्थान के सेकेट्री मोहम्मद यूसुफ छीपा के आजाद नगर स्थित निवास से शुरू हुआ, जो संतोषीनगर होता हुआ सलूस रोड स्थित कब्रिस्तान पहुंचा। जुलूस में लोग नाअते, मनकबत पढ़ते हुए चल रहे थे, वहीं युवा धार्मिक नारे लगा रहे थे। जुलूस के आस्ताने पर पहुंचने पर सबसे पहले परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। उसके बाद धूमधाम से मजार पर चादर पेश की गई। लोबान-अगरबत्ती कर दरगाह परिसर को खुशबूदार बनाया गया। फातिहा पढकर् देश में अमन-चैन व सलामती की दुआएं मांगी, आखिर में सलाम पढ़ा गया। जायरीनों पर कुल के छींटे दिए गए, बाद में लंगर तकसीम किया गया। उर्स में बड़ी तादाद में उदयपुर, चित्तौडग़ढ़, भीलवाड़ा, रेलमगरा, झालों की मदार सहित आसपास के क्षेत्रों से जायरीनों ने शिरकत की।

### मानवीय गुणों की उच्चतम अवस्था होने का नाम है कॉ. बी.एल.सिंघवी: डॉ. कुसुम मेघवाल



**उदयपुर (पुकार)।** इस धरती पर करोड़ों लोग मनुष्य के रूप में जन्म लेते हैं, लेकिन कुछ ही अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़, दूसरों के जीवन की बेहतरी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं, उनमें से एक नाम कॉ. बी.एल.सिंघवी का है। यह विचार लेखक एवं साहित्यकार डॉ. कुसुम मेघवाल ने वरिष्ठ माकपा नेता कॉ. बी.एल.सिंघवी की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शिराली भवन में शुक्रवार को आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। डॉ. कुसुम ने कहा कि कॉ. सिंघवी चाहते तो अपने एवं अपने परिवार के जीवन को भौतिक सुख सुविधाओं से पूर्ण कर सकते थे, लेकिन उन्होंने गरीबों, किसानों, मजदूरों एवं आदिवासियों के जीवन को बेहतर बनाने की लड़ाई में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

सभा में आदिवासी जनाधिकार एका मंच के राज्य सचिव विमल भगोरा ने कहा कि प्रगतिशील एवं कम्युनिस्ट नाम से लाखों लोग हैं, लेकिन कॉ. बी.एल.सिंघवी जैसे कुछ ही लोग प्रगतिशील सिद्धान्तों से कोई समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि आज देश में साम्प्रदायिक, फासीवादी ताकतें मजबूत हो देश की जनता पर अपनी जनविरोधी नीतियों से कहर ढा रही है, जिसके खिलाफ मजबूत संगठन बना जन विरोधी ताकतों को परास्त करना ही कॉ. बी.एल.सिंघवी को सच्ची श्रृद्धांजलि होगा।

सभा में बोलते हुए माकपा के पूर्व जिला सचिव एवं कच्ची बस्ती फैडरेशन के अध्यक्ष प्रताप सिंह देवड़ा ने कहा कि कॉ. बी.एल.सिंघवी का जीवन ही अपने आप में संदेश है।

सभा में केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की समन्वय समिति के संयोजक पी.एस.खींची ने कहा कि कॉमरेड बी.एल.सिंघवी ने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, आदिवासियों, दलितों एवं आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के संघर्ष को समर्पित कर दिया। कॉ. बी.एल.सिंघवी एक व्यक्ति नहीं, एक आंदोलन का नाम है।

सभा को सम्बोधित करते हुए जनता दल (सेक्युलर) के रामचन्द्र सालवी ने कहा कि आपातकाल के दौर में जो भाजपा नेता जेल गये, वो मीसा बंदी पेंशन लेकर अपनी देशभक्ति का मुआवजा ले रहे हैं, लेकिन कॉ. बी.एल.सिंघवी ने आपातकाल के दौरान लगभग 9 माह जेल में रहने के बाद भी मीसा बंदी पेंशन लेना स्वीकार नहीं किया और वो ऐसे नेता थे, जो सिर्फ देशभक्ति के दावे नहीं करते थे, वरन् 30 सालों तक अपने कार्यालय, घर की साफ सफाई करने के बाद डेढ़ से दो घण्टे कॉलोनी की नालियों की सफाई करके साबित की। सभा में कॉ. बी.एल.सिंघवी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू सिंघवी ने भी अपने विचार रखे।

सभा को माकपा शहर सचिव हीरालाल सालवी, मजदूर नेता मुनव्वर खां, ठेला व्यवसायी यूनियन के गुमान सिंह राव, मोहम्मद निजाम, रानी माली, रामचन्द्र राव आदि वक्ताओं ने सम्बोधित किया और कॉ. सिंघवी द्वारा शोषण विहिन समाज की स्थापना के लिए जारी संघर्ष को आगे बढाने के निर्णय को दोहराया।

# संस्कृत शिविरार्थी सीख रहे पद्य निर्माण के गुर





### उदयपुर में संस्कृत भारती का प्रांत स्तरीय प्रबोधन शिविर

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में संस्कृतभारती द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय प्रबोधन शिविर में छात्र-छात्राएं न केवल संस्कृत भाषा का ज्ञान अर्जित कर रहे हैं, बल्कि पद्य निर्माण की कला भी सीख रहे हैं। 8वीं कक्षा से लेकर कॉलेज तक के विद्यार्थियों का यह समूह संस्कृत के माध्यम से सृजनात्मक कौशल विकसित कर रहा है। फतहपुरा स्थित आलोक स्कूल के परिसर में चल रहे इस शिविर में प्रतिभागियों को पद्य बनाने के नियमों को सरलता से समझाया जा रहा है, जिसके बाद वे राम, मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस जैसे विषयों पर अपने श्लोक रचने में सफल हो रहे हैं। यह नवाचार न केवल उनकी सृजनात्मकता को निखार रहा है, बल्कि संस्कृत भाषा के प्रति उनके रुझान को भी बढ़ा रहा है।

इस अवसर पर वर्ग का अवलोकन करने की दृष्टि से संघ के विभाग संचालक हेमेंद्र श्रीमाली और व्यवस्था प्रमुख पंकज पालीवाल ने भी संस्कृत ज्ञान की दशा में अपने अनुभव साझा किये।

इससे पूर्व ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने भी वर्ग का अवलोकन कर छात्रों को संस्कृत भाषा को मातृभाषा समझकर संस्कृत में उपलब्ध ज्ञान के भडार का महत्व बताकर संस्कृत को व्यवहारिक भाषा बनाने की और प्रेरित किया। साथी अंबा माता थानाधिकारी डॉक्टर हनुमत सिंह राजपुरोहित ने भी छात्रों को संस्कृत को सर्वश्रेष्ठ भाषा के रूप में पढ़कर गीता ज्ञान और रामायण के संस्कारों से अवगत कराते हुए संस्कृत को व्यवहारिक भाषा बनाने के साथ-साथ गीता ज्ञान और संस्कृत को संस्कारों की पूंजी बताकर सभी को सौभाग्यशाली बताया। संयोजक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे से रात्रि दस बजे तक शिविरार्थियों की दिनचर्या पूरी तरह अनुशासित और व्यस्त रहती है। विभिन्न सत्रों में भाषा ज्ञान, व्याकरण, और श्लोक रचना के साथ-साथ संस्कृत साहित्य का भी अध्ययन कराया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करना और इसे दैनिक जीवन में उपयोगी बनाना है। भोजन हो या आपस की बातचीत, सभी संस्कृत में वार्तालाप कर रहे हैं, त्रुटि होने पर एक-दूसरे को सुधार भी रहे हैं। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी की शाम को समारोह का आयोजन होगा, जिसमें शिविरार्थी अपने सीखे हुए गुरों पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। यह समारोह न केवल उनकी प्रगति का प्रदर्शन करेगा, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगा। शिविर का समापन 5 जनवरी को प्रातः वेला में दीक्षांत के साथ होगा।

शिवरात्रियों में मुख्य प्रशिक्षक मीठा लाल, डॉ मानाराम और डॉ मधुसूदन ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मंगल कुमार जैन, डॉ हिमांशु भट्ट, रेखा सिसोदिया, श्रीयांश कंसारा, नरेंद्र शर्मा, दुष्यंत नागदा, डॉ रेनू पालीवाल, दुर्गा कुमावत, कुलदीप जोशी आदि ने शिविर संचालन में सहयोग की भूमिका में रहे।

### बीएन संस्थान : तीन दिवसीय ग्रामीण आवासीय वनशाला शिविर का आगाज

# 200 विद्यार्थी ग्रामीण संस्कृति, परम्परा व विरासत से होंगे रूबरू



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से सिरोही स्थित पावापुरी विजय पताका धाम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण आवासीय वनशाला शिविर में भाग लेने वाले 200 विद्यार्थियों के दल को शुक्रवार को संस्थान प्रांगण से कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। मंत्री प्रो.महेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह ने शिविर की सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे अपने केरियर की शुरूआत गांवों से करे। भारत कृषि प्रधान देश रहा है और हमारी आत्मा गांवों में निवास करती है, जहॉ हमारी भारतीय, संस्कृति एवं परम्परा की झलक देखने को मिलती है लेकिन आधुनिकता की होड़ में हम इससे दूर होते जा रहे है, इसे बचाये रखा है। गांवों का शहरों की ओर पलायन शुरू हो गया, आज आवश्यकता है इसे रोकने की। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार के अवसर मुहैया कराने होंगे। युवा पीढ़ी को कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के साथ शिक्षण प्रशिक्षण देना होगा जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद, ग्रामीण स्तर पर भी आत्म निर्भर बन सके। वनशाला प्रभारी डॉ.सीमा शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में गांव में सर्वेक्षण कार्य, जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि का मंचन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. खुशबू कुमावत ने बताया कि शिविर के दौरान कैंप फायर एवं कल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। डॉ नंद किशोर शर्मा एवं डॉ अजयपाल सिंह ने बताया कि 5 तारीख को प्रातः विद्यार्थियों को माउंट आबू का भ्रमण कराया जाएगा।

### नि :शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आज से

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन और जेके फिजियो एवं रिहैब फिजियोथैरेपी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 4 व 5 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शहर के तीन क्षेत्रों में होंगे जिनमें आरके सर्कल, सेक्टर-3, सेक्टर-14 क्षेत्र शामिल हैं। इन तीनों क्षेत्रों में जेके फिजियोथैरेपी सेंटर उपलब्ध हैं।

उदयपुर नगर माहेश्वरी युवा संगठन के कोषाध्यक्ष सुदर्शन लढ्ढा और संगठन मंत्री हितेश मूंदड़ा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य घुटने के दर्द, कमर के दर्द, जोड़ों के दर्द और लकवा जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों को विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श और उपचार प्रदान कराना है। शिविर में अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए चिकित्सकों द्वारा इन समस्याओं की निःशुल्क जांच और उपचार किया जाएगा। तीनों स्थानों पर शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा और दोपहर दो बजे तक चलेगा।

**मकर संक्रांति खेल महोत्सव की तैयारियां :** संगठन के अध्यक्ष मयंक मूंदड़ा ने बताया कि उदयपुर माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर आरसी फाइनेंशियल्स मकर संक्रांति खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए क्रिकेट और वॉलीबॉल पंजीकरण शुक्रवार शाम तक किए गए। इस वर्ष टीम चयन प्रक्रिया ऑक्शन आधारित रखी गई है। खिलाड़ी एक ही खेल में भाग ले सकेगा, क्योंकि दोनों खेलों का समय एक ही रहेगा। क्रिकेट में 78 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जबकि शेष खिलाड़ी वॉलीबॉल के लिए मेंटर्स द्वारा चयनित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महिला सितोलिया, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के लिए पंजीकरण जारी हैं।

### उत्तर प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री 4 को उदयपुर में

**उदयपुर (पुकार)।** उत्तर प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल शनिवार सुबह 9:25 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे इसी दिन रात्रि 8 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई





**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर संभाग स्तरीय भारत के प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के जन्म जयंती मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच टाउन हॉल उदयपुर में धूमधाम से मनाई गई। सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट उदयपुर के प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि सभी अतिथियों दें मां सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर पूजा अर्चना की। अतिथियों ने 149 शिक्षिकाओं एवं 18 प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उपरणा ओढ़ाकर, सावित्रीबाई फुले साहित्य व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया ।सावित्रीबाई फुले जयंती सामाजिक आधिकारिता एवं न्याय विभाग ,सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट एवं सावित्री बा फूले पर्यावरण एवं शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मनाई गई। सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट के संस्थापक दिनेश माली ने बताया की कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रो सुधा चौधरी थी। मुख्य अतिथि मोतीलाल सांखला थे। विशिष्ट अतिथि दिनेश माली, लोकेश चौधरी, रमाकांत अजारिया, भंवरलाल सुहालका, पी एस पटेल, सूर्य प्रकाश सुहालका, मणी बेन पटेल थी। दिनेश माली ने बताया की सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। उन्होंने अपने जीवन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामाजिक सुधार के कई कार्य किये।

सावित्रीबाई फुले ने बाल विवाह छुआछूत और जाति भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और महिला शिक्षा के लिए अनेक स्कूल स्थापित किये। मंच संचालन सूर्य प्रकाश सुहालका, राजेन्द्र सेन व नम्रता चौधरी ने किया। कार्यक्रम में सभी अध्यक्षों उपाध्यक्ष एवं महामंत्री का स्वागत किया गया। सभी शिक्षकों का चयन भेरूलाल कलाल के नेतृत्व में किया गया। धन्यवाद नरेश पूर्बिया एवं गंगा देवी माली ने दिया। कार्यक्रम में कैलाश माली, किशन राव, देवनारायण, भेरूलाल भोई, निर्मला शर्मा, मंजू सुथार, रेखा ऊंटवाल, पूजा ट्रेलर सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

**उदयपुर (पुकार)।** 'रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने भारत की पहली महिला टीचर सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। जिसमें दीप प्रज्जवलित कर उन्हे नमन किया।

इस अवसर पर मुरलीधर शर्मा, कपिल साहू गोपाल साहू, विनोद सुथार, प्रियांश मेहता, नागराज, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सत्रह साल बाद मिलकर हुए खुश और भावुक



**उदयपुर (पुकार)।** विद्या भवन गोविन्दराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष 2006-07 बीएड बैच छात्र-छात्राओं का 17 साल बाद स्नेह-मिलन समारोह हुआ। महाविद्यालय केम्पस में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन प्रधानाचार्य डॉ एम पी शर्मा, अध्यक्ष वर्तमान प्रधानाचार्या फरजाना इरफान, अति विशिष्ट अतिथि डॉ डी एन दानी, विशिष्ट अतिथियों में एम एस खत्री, डॉ उषा कुमावत, डॉ दया दवे, डॉ सुषमा तलेसरा, डॉ सीमा सरूपरिया, महाविद्यालय की एलुमिनी कोऑर्डिनेटर डॉ विद्या मेनारिया, डॉ सुयश चतुर्वेदी थे। साथ ही महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित राजस्थान के अलग अलग जिलों से आए लगभग 60 एलुमिनी ने भाग लिया। 17 साल बाद मिलने की खुशी में स्नेह का स्त्रोत फूट पड़ा और भाव विह्वल होकर सब ढोल पर नाचने लगे। तत्कालीन प्रधानाचार्य एवं स्टाफ को मुख्य द्वार से ढोल बजाते हुए और फूल बरसाते हुए कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले तत्कालीन प्रधानाचार्य प्रोफेसर एमपी शर्मा एवं सभी गुरुजनों का स्वागत किया गया। उसके बाद सभी विद्यार्थियों ने अपने समय के कॉलेज के अनुभव सुनाए और पुरानी यादों को ताजा किया, एकाएक सभी विद्यार्थी जीवन की याद में डूब गए। गुरुजनों ने भी अपने अनुभव सुनाते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। सभी मिलकर बहुत खुश हुए ,यह दिन वाकई एक यादगार दिन बन गया। मुख्य वक्ता डॉ एमपी शर्मा ने अपने शिष्यों को समाज के वर्तमान माहौल को देखते हुए मूल्यपरक शिक्षा पर जोर देने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्नातक परिषद की समन्वयक डॉ. विद्या मेनारिया ने इस सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ये महाविद्यालय आपका अपना है, आपका हमेशा महाविद्यालय में स्वागत है। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद दिया।

### चौबीसा समाज की खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**कानोड़।** चौबीसा समाज की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता नगर के नृसिंह वाटिका में शनिवार से आरंभ होगी। समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में प्रातः 9 बजे उद्घाटन समारोह होगा। चौबीसा समाज के सचिव भूपेंद्र जोशी ने बताया कि चौबीसा समाज की वालीबॉल प्रतियोगिता में भीण्डर, कानोड, नीमडी, चारगदिया, खेरोदा, बांसी, बोहेडा, हमेरपुरा, सेठवाना,बांसडा सहित आस- पास के गांवो के समाजजन भाग लेंगे। खेलकूद प्रतियोगिता के लिए समाज के शारीरिक शिक्षक महेन्द्र जोशी, दिनेश व्यास, लील शंकर, विजय प्रकाश, कैलाश पुरोहित, बसंत व्यास, अमित व्यास को विशेष जिम्मेदारी दी गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को रात्रि में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा जिसमें कविता ,एकल नृत्य एवम सुगम संगीत की प्रतियोगिता भी होगी। शुक्रवार शाम तक संपूर्ण तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आयोजन समिति द्वारा समाज के प्रत्येक परिवार व युवा को आयोजन से जोडने का विशेष प्रयास किया जा रहा है।

### सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री से होगा एसएचडब्लूपी का प्रभावी क्रियान्वयन

**उदयपुर (पुकार)।** जिले में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में डाइट द्वारा संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री का वितरण किया जाएगा। डाइट प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि विद्यालयों में एसएचडब्लू प्रोग्राम को प्रभावी बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यालय उदयपुर के प्रभारी अधिकारी डॉ अशोक आदित्य के निर्देशन में डाइट को आईईसी सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

डाइट में प्रोग्राम की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ मृदुला तिवारी के अनुसार उदयपुर तथा सलूंबर जिले में संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम से संबंधित 1662 विद्यालयों को इस सामग्री के तहत सीबीईओ स्तर से एक-एक बंडल दिया जाएगा, जिसमें 8 प्रकार के चाट्र्स सम्मिलित होंगे। इन चाट्र्स को विद्यालयों में प्रदर्शित किया जा सकेगा।

### अवर्गीकृत पशुधन एवं आय के स्त्रोत विषय पर संगोष्ठी

**उदयपुर (पुकार)।** पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में अवर्गीकृत पशुधन एवं आय के स्त्रोत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि पशुधन किसी भी दृष्टि से पशुपालकों के लिये बोझ नही बनता बल्कि वह अपनी क्षमताओं एवं उपयोगिता से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति में सुधार लाता है। उन्होंने कहा कि पशुपालक उन्नत पशु प्रबन्धन कर उनकी क्षमताओं एवं व्यय का सम्पूर्ण आंकलन कर समुचित आय अर्जित करें। संस्थान के डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक परिस्थितियों में उचित पशु प्रबंधन से उत्पादन बनाया रखा जा सकता है। डॉ. पद्मा मील ने पशुधन से आय अर्जित करने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। पशुपालन डिप्लोमा के अभ्यार्थियों ने भी अपनी राय रखी ।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटी बचाओ-बेटी पढाओ मुहिम के लिए यूट्यूब चैनल लॉन्च

**उदयपुर (पुकार)।** जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन की ओर से शुरु की जा रही बेटी बचाओ-बेटी पढाओ मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन का यूट्यूब चैनल भी लॉन्च कर दिया गया है।

जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि जय एकलिंगनाथ मेवाड के नाम से बने इस यूट्यूब चैनल में संगठन की गतिविधियों के साथ-साथ बेटी बचाओ-बेटी बचाओ मुहिम को जोर-शोर से प्रचारित किया जाएगा। संगठन का उद्देश्य है कि बेटी बचाओ-बेटी बचाओ की यह मुहिम आम लोगों और खासकर महिलाओं तक पहुंचे, ताकि कोख में मरने वाली बेटियों को बचाया जा सके और जो बेटियां पढने नहीं जा रही है उन्हें स्कूल तक पहुंचाया जा सके। श्री बागडी ने कहा कि आर्थिक कारणों से बेटियां स्कूल पढने नहीं जा रही है तो संगठन की ओर से उनकी फीस दी जाएगी और कॉपी किताबे भी दी जाएगी।

इस चैनल में मुहिम को लेकर महिलाओं, स्कूली व कॉलेज छात्राओं के साथ उन युवतियों की प्रतिक्रिया ली जाएगी जो किसी न किसी मुकाम पर सफलता हासिल कर चुकी है। इससे दूसरी लडकियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### दो दिवसीय बैठक आज से

**उदयपुर (पुकार)।** देश भर के जनजाति क्षेत्र में काम करने वाले अग्रणी संस्थान वनवासी कल्याण आश्रम के हित रक्षा आयाम के प्रांत प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक शनिवार व रविवार को वनवासी कल्याण परिषद के मुख्यालय गवरी चौक हिरणमगरी सेक्टर 13 में आयोजित होगी। प्रदेष सह संगठन मंत्री हर रतन डामोर ने बताया कि देश के विभिन्न प्रांतो के प्रान्त प्रमुख इस बैठक में हिस्सा लेंगे। देशभर में जनजाति समाज के विभिन्न हितों व अधिकारों के मुद्दों पर काम करने वाला यह आयाम देश के प्रत्येक जनजाति क्षेत्र में अपनी शाखाओं के माध्यम से कार्य करता है। अखिल भारतीय हित रक्षा प्रमुख संजय कुलकर्णी ने बताया कि जनजाति समाज के अधिकार एवं उनकी मान्यताओं के रक्षण से ही राष्ट्र का विकास संभव है। इस बैठक में जनजाति समाज के विभिन्न हितों के कानूनी एवं संवैधानिक प्रावधानों पर चर्चा होगी, कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अतुल जोग व अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री रमेश जी बाबू की उपस्थिति रहेगी।

### आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर आज से

**उदयपुर (पुकार)।** आयुर्वेद विभाग उदयपुर के तत्वावधान में 38वां विशाल 5 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर 4 से 8 जनवरी तक राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभालाल औदिच्य ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से रोगों से राहत प्रदान करना है।

### विश्वशांति के लिए सुन्दरकाण्ड का पाठ

**उदयपुर (पुकार)।** जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति की ओर से पं. सत्यनारायण चौबीसा एंव उनकी टीम की ओर से अशोका पैलेस में विश्वशांति जनकल्याण के लिए संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित,विशिष्ठ अतिथि सुरेशचन्द्र दिलावट,विजयसिंह कच्छावा, डॉ.एस के शर्मा,मधु माधवानी थे जबकि अध्यक्षता समाजसेवी मुकेश माधवानी ने की।

### कृषि विश्वविद्यालय की कुश्ती टीम पंजाब रवाना

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का कुश्ती दल अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने भटिण्डा (पंजाब) के लिए रवाना हुआ। कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने कुश्ती दल के छात्रों को विदा किया और कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का द्योतक है। क्रीड़ा मण्डल अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार महला ने बताया कि विश्वविद्यालय की टीम में रसिक अरोड़ा,लोकेन्द्र सिंह, अविनाश गुर्जर, विष्णु गुर्जर,चरित्रपाल सिंह, कुलदीप चौधरी, सागर औदिच्य शामिल है।

### खाटूश्याम की यात्रा 22 को

**उदयपुर (पुकार)।** सर्व संप्रदाय संत संस्थान के संत महंत एवं संस्थान से जुड़े हुए भक्तों की टोली 22 जनवरी को खाटूश्याम, मेहंदीपुर बालाजी, मथुरा वृंदावन ,अयोध्या वाराणसी की यात्रा के लिए रवाना होंगे । संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष महंत इन्द्रदेव दास, महासचिव महंत राधिका शरण शास्त्री, कोषाध्यक्ष महंत नारायण दास वैष्णव ने बताया कि संस्थान के संतों महंतों एवं भक्तों की टोली सहित दो टेंपो ट्रैवलर में 31 जनों के साथ श्री स्वामी चतुर्भुज हनुमान धाम से मथुरा, काशी, अयोध्या, प्रयागराज में महाकुंभ मे स्नान के लिए 22 जनवरी को प्रस्थान करेंगे।

### आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज

**खेरवाड़ा (पुकार)।** थाना क्षेत्र के रोबिया गांव में गुरुवार देर शाम गश्त करते हैड कांस्टेबल सूर्य सिंह ने थावरचंद पुत्र जोधा राम मीणा निवासी रोबिया को एक जरीकेन में अवैध रूप से देसी महुआ हथकढ़ शराब परिवहन करते रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर थावरचंद जरीकेन को बीच सड़क पर छोड़कर भाग गया। थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि आबकारी अधिनियम 1950 के तहत प्रकरण दर्ज कर सहायक उप निरीक्षक बंसीलाल द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

### श्रीयादे मंदिर में प्रजापति समाज की बैठक कल

**भटेवर (पुकार)।** वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र के दरौली स्थित श्रीयादे देवी मंदिर में मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चौखला की मासिक बैठक रविवार को होगी। चौखला अध्यक्ष गणेश लाल प्रजापत घासा ने बताया कि बैठक में श्रेयादे जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रजापति समाज का जिला सम्मेलन रखने पर चर्चा की जाएगी। महामंत्री लक्ष्मी लाल सांगवा ने बताया कि श्रीयादे जयंती पर नवनिर्मित श्रीयादे धर्मशाला के उद्घाटन पर चर्चा की जाएगी। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत विठौली ने बताया कि श्रीयादे जयंती पर टेलीफोन डायरेक्टरी का विमोचन, समाज के भामाशाहो का स्वागत किया जाएगा। साथ ही समाज विकास से संबंधित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर में दिखा उत्साह

**खेरोदा (पुकार)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाया गया। इसमें खेरोदा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नेहा वर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अंकिता सियाल, डॉक्टर ललित, दंत चिकित्सक डॉ कुणाल नेत्र चिकित्सक मौजूद थे, जिन्होंने रोगियों की जांच कर दवाई दी। इस दौरान बीसीएमओ डॉक्टर सांकेत जैन द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं शिविर में 650 ओपीडी, बीपी, शुगर, दंत, नेत्र,जांचे की 260, आभा कार्ड 148 बनाए गए। शिविर में टीकाकरण भी हुआ। शिविर में सचिन प्रजापत, रेणु मीणा, सरिता रैदास, भावना मीणा, आशा सुपरवाइजर रविन्द्र कुमार, कृष्णा चौबीसा, मंजू सिस्टर, केसर मेघवाल आदि ने सेवा दी।

### विप्र प्रीमियर लीग 2025 का आगाज

**ऋषभदेव (पुकार)।** विप्र फाउण्डेशन द्वारा प्रीमियर लीग किक्रेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्य अतिथि नगर प्रमुख नरेंद्र भंडारी, विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र सेवक, भुपेन्द्र त्रिवेदी काना संदीप पहाड पुनीत त्रिवेदी भुपेश भट्ट गिरीश भंडारी सुन्दर लाल जोशी जिला उपाध्यक्ष विफ्र फाउंडेशन के सी शर्मा जिला महा मंत्री हनुमंत प्रसाद रावल जिला युवा महा मंत्री धीरज त्रिवेदी ब्लॉक विफा अध्यक्ष शिव नारायण त्रिवेदी नगर ब्लॉक महा मंत्री भानु रावल त्रिभुवन रावल अध्यक्ष सुरेश चंद्र त्रिवेदी उपाध्यक्ष करुण सोमपुरा ब्लॉक युवा महामंत्री हितेश विप्र नगर युवा अध्यक्ष उत्सव रावल सहित कई पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। उद्घाटन मैच लक्ष्मीनारायण इलेवन और धुलेव इलेवन के बीच हुआ। इसमें लक्ष्मी नारायण इलेवन विजेता रही। मैन ऑफ द मैच राहुल शर्मा रहे। दूसरा मैच सूर्य गणेश इलेवन और भूधर के बीच हुआ, जिसमे भूधर विजेता रही। मेन ऑफ द मैच मुकुल भट्ट रहे। तीसरा मैच राम कृपालेश्वर और खेड़ा रायणा हनुमानजी के बीच हुआ, जिसमे खेड़ा रायणा विजेता रही। उमेश मेनारिया अर्ध शतक लगाकर मेन ऑफ द मैच रहे। पहले दिन का अंतिम मैच आहुति क्लब भागोर और श्रीराम मंदिर इलेवन के बीच हुआ, जिसमें आहुति क्लब भागोर विजेता रही। मैन ऑफ द मैच भावेश जोशी रहे। आभार दया प्रकाश पहाड़ ने किया। संचालन गोपाल लाल शर्मा ने किया।

# जोधाणा मिष्ठान और संतोष दाल बाटी भोजनालय के कब्जे से मुक्त करवाया मार्ग

**मार्ग अवरुद्ध कर किए अतिक्रमण को किया ध्वस्त**

**अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की सख्त कार्रवाई**

**उदयपुर (पुकार)।** अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है, शुक्रवार को भी मार्ग अवरुद्ध कर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को सूरजपोल क्षेत्र में सारंग मार्ग पर जोधाणा मिष्ठान और संतोष दाल बाटी भोजनालय के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इनके मालिकों ने प्रतिष्ठानों के पीछे सड़क पर अपना सामान रखा था।

वहां पर छोटी चबूतरी बनाकर रसोई की भट्टी भी बना रखी थी, जिसे टीम ने हटवाया। सार्वजनिक सड़क पर छाया के लिए अस्थायी शेड लगा रखे थे, वहीं इनके द्वारा सड़क पर नलकूप खोलना एवं सीवरेज लाइन को नुकसान पहुंचाना भी पाया गया।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि नगर निगम द्वारा कई बार शहर के सभी नागरिक गण को अतिक्रमण नहीं करने के साथ ही किए गए अतिक्रमण को अपने स्तर पर हटाने की भी अपील की गई थी लेकिन इसके बावजूद लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसको लेकर नगर निगम को लगातार सख्त कार्रवाई करनी पड़ रही है। आयुक्त के अनुसार शुक्रवार को भी सूरजपोल स्थित



प्रतिष्ठानों के पीछे मार्ग पर अतिक्रमण किया गया था जिसको ध्वस्त किया गया। प्रतिष्ठानों द्वारा मार्ग पर टेंट, भट्टी, चबूतरा एवं लोहे की रैक को रखकर अतिक्रमण किया गया था जिसे कार्रवाई के दौरान जप्त किया गया।

**यह सामान किए जब्त :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि निगम टीम द्वारा सूरजपोल पर की कार्यवाही के दौरान दो भट्टी, एक कड़ाई, दो लोहे की बड़ी रैक को जब्त किया गया। प्रतिष्ठान मालिकों द्वारा सड़क पर पत्थर एवं ईट की भट्टी का निर्माण करवाया गया था जिसको भी तोडा गया।

**खोला पूरा मार्ग :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश के अनुसार सूरजपोल स्थित सारंग मार्ग से पीछे गली में अतिक्रमण हटा कर मार्ग को प्रारंभ से आखिरी छोर खोला गया। निगम द्वारा करवाई के बाद पूरा भराव भी तुरंत हटाया गया। निगम टीम द्वारा मौके पर उपस्थित प्रतिष्ठान प्रतिनिधियों को पाबंद कर आगे अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी है। कार्यवाही में राजस्व अधिकारी नीतीश भटनागर, पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी,



राजस्व निरीक्षक विजय जैन, राहुल मीणा, नगर निगम के होमगार्ड के जवान भी मौजूद रहे।

# पान केबिनों में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, एक डिटेन



**शास्त्री सर्कल पर केबिन से एक लाख की सिगरेट चोरी**

**उदयपुर (पुकार)।** पान केबिनों पर हाथ साफ करने के मामले में हिरणमगरी थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार एवं एक अपचारी को डिटेन किया।

हिरणमगरी थाना पुलिस के अनुसार महेश कुमार पुत्र अम्बालाल निवासी पानेरियों की मादड़ी ने 29 दिसंबर को रिपोर्ट दी थी कि सेक्टर 5 स्थित उसके पान के केबिन से 21 दिसंबर की रात को बदमाश ताला तोड़कर सिगरेट, गुटखा व एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखे 5, 10, 1, 2 रुपए के सिक्कों सहित करीब 20 से 40 हजार रुपए का सामान चुरा ले गए। मामले में आरोपी हर्ष पुत्र प्रकाश निवासी बनास काठा हाल सेक्टर 9 व पवन पुत्र घनश्याम निवासी मन्दसौर हाल बलीचा को गिरफ्तार कर एक बालक को डिटेन किया।

दूसरी ओर भूपालपुरा थाना क्षेत्र के शास्त्री सर्कल स्थित एक पान के गल्ले से बदमाश एक लाख की सिगरेट चुरा ले गए। पुलिस के अनुसार जमनालाल पुत्र मोहनलाल आचार्य निवासी कालका माता रोड ने रिपोर्ट दी कि उसकी बजरंग पान की दुकान से अज्ञात बदमाश ताले तोड़कर एक लाख दस हजार की सिगरेट व 17 हजार रुपए चुरा ले गए।



## 15 साल से फरार स्थाई वारण्टी गिरफ्तार

**उदयपुर।** हिरणमगरी थाना पुलिस ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला उदयपुर के प्रकरण संख्या 599/2011 धारा 379 भादस में वांछित 15 साल से फरार स्थायी वारण्टी भगवती लाल पिता पुत्र हीरालाल निवासी आड प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया।

## बाइक सवार दिन दहाड़े वृद्ध से नकदी छीन ले गये

**खेरवाड़ा (पुकार)।** खेरवाड़ा थाना क्षेत्र के रोबिया गांव में सरकारी हॉस्टल के सामने गुजर रही सड़क पर एक बाइक सवार वृद्ध से बिना नंबर की बाइक चला रहे करीब 20 से 22 साल की उम्र के दो बदमाशों ने 51000 रुपए छीन लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश चंद्र (70) पुत्र मानक लाल जैन निवासी छाणी खेरवाड़ा से बाइक पर छानी की ओर जा रहे थे। इस बीच गोदावरी से इनके पीछे दो बाइक सवार बदमाश आगे पीछे आगे पीछे चलते रहे और रोबिया हॉस्टल के सामने सुनसान जगह पर वृद्ध से छीना झपटी कर उसकी जेब में रखें 51000 रुपए छीन लिए और वापस खेरवाड़ा की ओर भाग गए। इस बीच छाणी जैन मंदिर के पास में एक 12 वर्षीय बालिका सिद्धि पुत्री अरविंद जैन जो स्कूटी पर बैठी थी उसके हाथ में मोबाइल था उसे भी उसी हुलिये के बाइक सवारों ने छीन लिया। दोनों घटनाएं दोपहर 3 बजे से 4 बजे के मध्य होना बताया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर लूट की घटना हुई है उसके आसपास शराब की ठेके व मांस बिक्री की अवैध दुकान होने से आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है। रमेश चंद्र द्वारा देर शाम थाने में प्रकरण दर्ज कराया है।

## गोगुंदा-मजावद रोड पर पिकअप पलटी, एक की हालत गंभीर

**गोगुंदा।** गोगुंदा से मजावद जाने वाले मार्ग पर गुर्जरों का गुड़ा के समीप एक पिक अप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान उसमें सवार 4 लोग घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर 108 के पायलट सोहन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे, जिन्हें गोगुंदा सीएचसी उपचार के लिए लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया है। बताया जा रहा है कि सभी घायल मजदूरी कर अपने घर जा रहे थे।

बगडुंदा से पहले गुर्जरों का गुड़ा में इनकी पिकअप असंतुलित हो कर पलट गई और इसमें सवार सुरेश गमेती पुत्र तुलसी राम गमेती बदूंदिया, मांगी लाल गमेती निवासी कंथारिया, भैरू लाल गमेती निवासी बड़ुंदिया प्रकाश गमेती निवासी कंथारिया घायल हो गए। इनके अन्य साथी मौके से भाग गए। फिलहाल एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक घायल

**खेरवाड़ा (पुकार)।** खेरवाड़ा के बडला कुमार पेट्रोल पंप के पास ट्रक की टक्कर से महेश कुमार मीणा घायल हो गया।

प्रार्थी महेश कुमार मीणा पुत्र कनकमल मीणा निवासी घानी घटाउ पुलिस थाना दोवड़ा डूंगरपुर ने प्रकरण दर्ज कराया कि वह बाइक पर उदयपुर से अहमदाबाद की तरफ जाने वाले रोड से कुमार पेट्रोल पंप बडला की तरफ जा रहा था। इस बीच सामने से गलत साइड से ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक चलाता हुआ डिवाइडर तोड़ते हुए आया और उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे प्रार्थी के दाहिने हाथ के कंधे, दाहिने तरफ की पसलियां एवं शरीर पर चोटे आई, बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। डूंगरपुर अस्पताल में भरती होने के कारण गुरुवार को प्रकरण दर्ज कराया। थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर सहायक उप निरीक्षक दिग्विजय सिंह द्वारा जांच की जा रही है।

# पुलिस पर पत्थराव करने वालों के खिलाफ कार्यवाही, 8 उपद्रवी गिरफ्तार, जेल भेजा

**उदयपुर (पुकार)।** समीपवर्ती डबोक थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में समझाइश के लिए गई पुलिस पर पथराव कर सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने और राज्यकार्य में बाधा पहुंचाने में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढावा ग्राम पंचायत के बाठेड़ा की सराय में बुधवार रात्रि को आजाद खान पुत्र मंसूर खान ने अपना ट्रक गांव में ही एक मकान के बाहर रैंप पर चढ़ा गया और रैंप टूट गया। यह देखकर मकान मालिक, इसका पुत्र व पुत्री बाहर आए और इस घटना का विरोध किया तो दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। आजाद खान ने भाई-बहन से मारपीट कर दी। यह घटना गुरूवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जैसे ही घटना वायरल हुई तो सुबह गांव में समाज के लोगों के साथ ही हिंदू



संगठन के लोग भी एकत्र हो गए और गांव में हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने गांव के बाजार बंद करवा दिए। सूचना पर डबोक थानाधिकारी चन्द्रशेखर जाब्ते के साथ मौके पर आए और समझाइश करने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों की पुलिस से बहस हो गई। ग्रामीणों ने आवेश में आकर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में पुलिस की गाड़ी के साथ ही मौके पर मौजूद 3 टेंपो, ट्रक के साथ ही एक कार के कांच फूट गई। पुलिस का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। इस मामले में एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के खिलाफ मारपीट और युवती से छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवाया है तो पुलिस की ओर से भी पथराव करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने मौके से राजमल पुत्र घीसु कीर निवासी भुतपरा डबोक, शंकर पुत्र मोहन कीर निवासी बाठेडा की सराय डबोक, प्रेमशंकर पुत्र धनराज सालवी निवासी खरसाण खेरोदा, महेन्द्र पुत्र भैरूलाल कीर निवासी भूतपुरा डबोक, प्रवीण पुत्र झामेश्वर मीणा निवासी मोडी खेरोदा, सुमित पुत्र दलीचन्द कीर निवासी रोहीखेडा डबोक, मदन पुत्र मोहनलाल गौड़ निवासी बाठेडा की सराय डबोक, जेल में भेज दिया।

### कपासन पर ट्रेफिक ब्लॉक, रेल यातायात होगा प्रभावित

**उदयपुर (पुकार)।** अजमेर मण्डल के कपासन स्टेशन पर नॉन इन्टरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है जिससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार गाडी संख्या 09721, जयपुर-उदयपुर रेलसेवा 7 जनवरी को जयपुर से अपने निर्धारित समय सुबह 6.15 बजे से 1 घंटा 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 19606 उदयपुर-मदार रेलसेवा 7 जनवरी को उदयपुर से अपने निर्धारित समय से 01 घंटा 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09721 जयपुरउद यपुर रेलसेवा 04 से 06 जनवरी तक पंडोली स्टेशन पर 19 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाडी संख्या 09721 जयपुर-उदयपुर ट्रेन 7 जनवरी को मार्ग में 01 घंटा रेगुलेट (रुकना) रहेगी।

## बनोड़ा को झल्लारा की जगह सलूंबर पंचायत समिति में शामिल करने सौंपा ज्ञापन

**सलूंबर।** बनोडा पंचायत को झल्लारा पंचायत समिति से हटाकर पुनः सलूंबर में शामिल करने की मांग को लेकर शुक्रवार को सरपंच प्रतिनिधि दडिंगा राम मीणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह सिंधु को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि बनोड़ा पंचायत क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ी पंचायत है। इसकी आबादी करीब ग्यारह से बारह हजार है और इसमें छह राजस्व गांव है। सलूंबर से मात्र दो किमी दूर स्थित होते हुए भी बनोडा को करीब पन्द्रह किमी दूर झल्लारा जाना पड़ता है। इससे समय और धन की बबादी होती हैं। ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2006 मे परिसीमन में बनोडा को पचपन किमी दूर धरियावद विधानसभा में जोड़ दिया था। उस समय भी ग्रामीणों ने विरोध किया था लेकिन प्रशासन ने अनदेखी की थी। ज्ञापन देने वालों में भाजपा के युवा नेता लक्ष्मी चंद वातड़ा, समाजसेवी महावीर वकावत, वयोवृद्ध शांति लाल बुनकर, सेदरी के युवा नेता महेंद्र कलाल, नाथू लाल हरकावत, ठेकेदार गोविंद पलावत, तेजी लाल पटेल, भीमराज दलावत, कांग्रेस के युवा नेता लोकेश मनियावत, शंकर लाल वकावत, कांति पंचाल, शिवलाल राणावत, दिनेश वाकलिया, पवन पुरबिया,बालकृष्ण चोबिसा, अमर लाल प्रजापत, दिनेश बायती, एडवोकेट प्रकाश पुरी गोस्वामी, पूर्व हैंडपंप मिस्त्री अध्यक्ष नारायण लाल बुनकर, पूर्व सरपंच बाबरमल मीणा सहित पंचायत के सैकड़ों लोग मौजूद थे। ज्ञापन देने से पूर्व बनोड़ा के ओरा बावजी मंदिर परिसर में गुरुवार रात्रि में आयोजित एक बैठक में कस्बे के सभी पार्टी के कार्यकर्ता और कई संस्थान के लोग इस मुद्दे पर एक जाजम पर एकत्रित हुए और सभी वक्ताओं ने एकजुट होकर सलूंबर पहुंच कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय किया।

# धरती पर जल का संचय होगा तभी मानव जीवन सुरक्षित होगा : गुप्ता

**स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कोऑर्डिनेटर गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**डूंगरपुर (पुकार)।** जिले में तालाबों की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की

डूंगरपुर। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर वर्षा जल का संचय और संरक्षण के विषय पर अपने विचार साझा किए हैं।

पत्र में गुप्ता ने अवगत कराया कि डूंगरपुर जिले की समस्त ग्राम पंचायत में बने हुए तालाबों में साफ सफाई का अभाव है जिसके कारण पूरे तालाब के अंदर और आसपास के क्षेत्र में गंदगी का आलम है। तालाबों तक पहुंचने के मार्ग भी कंटीली झाड़ियां से अटे पड़े हैं, जिस कारण वहां पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। तालाबों का सीमांकन नहीं है जिस वजह से तालाब का कैचमेंट एरिया ज्ञात नहीं है और अतिक्रमण किए जा रहे हैं। तालाबों के जल आवक मार्ग भी अवरुद्ध है। तालाब में जल कम रहने के कारण क्षेत्र के भूमिगत जल स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि धरती में पानी पैदा नहीं होता, इसे संचय करना होगा, तभी धरती जलमग्न होगी तथा आम जीवन में जल की महत्वता को हम बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। जल होगा तभी कल होगा नहीं तो आने वाले समय में हमें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जल को छोटे-छोटे तरीकों से संचय कर जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है।



गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राइजिंग राजस्थान सबमिट कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा गया था कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना आज के समय की बहुत बड़ी आवश्यकता है और इस हेतु जल संचय और जल संरक्षण करना हमारी सभी की जिम्मेदारी है।

गुप्ता ने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग राजस्थान सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित की है।



**शोक समाचार / उठावणा**

हमारे पूजनीय **डॉ. ओम प्रकाश जी महात्मा**
सुपुत्र स्व. डॉ. हीरालाल जी महात्मा
का स्वर्गवास 03 जनवरी 2025 को हो गया है।

**उठावणा :** 04 जनवरी 2025 को सांय 4.00 बजे वासुपुज्य स्वामी मन्दिर ( दादावाड़ी ), मेवाड़ मोटर्स की गली,सूरजपोल, उदयपुर में रखा गया है।

शोकाकुल- श्रीमती ज्ञान देवी ( धर्मपत्नी ), स्व. कृष्णा देवी-स्व. नन्दलाल जी, स्व. चन्द्रकला-स्व. सम्पत लाल जी, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी-स्व. दौलत राम जी ( बहन-बहनोई ), विष्णुकान्त-अरूणा, मुकेश-मधु ( पुत्र-पुत्रवधु ), सत्य नारायण, राजकुमार, जयंत ( भाई-भतीजा ), श्रीमती शशीकला-जवेरचन्द जी, राजकुमारी, श्रीमती रेखा-अक्षय जी ( पुत्री-दामाद ), डॉ. श्रीमती आलिशा-डॉ. शुभम जी ( पौत्री-दामाद ), डॉ. सुदिति, तेजांशी ( पौत्री ), आयुष-गार्गी ( दोहिता-वधु ), पल्लवी-हिमांशु जी, अदिति-रौनक जी, संजोली-अभिषेक जी, कृतिका-प्रणय जी ( दोहित्री-जंवाई ), हिमांक, अयांश, अनाइशा, विधि ( पड़दोहित्रा-दोहित्री ) एवं समस्त मलधारा महात्मा परिवार, उदयपुर।

ससुराल पक्ष - श्री ओंकार लाल, श्री कैलाश चन्द, नितिन महात्मा एवं परिवार, भीलवाड़ा

**महावीर मेडिको सर्जिकल हॉल, उदयपुर**
मो.नं. 9829040218, 9591077811

# सम्पादकीय

## ढाका में अलोकतांत्रिक करतूतें

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर आमादा है। यहां तक कि स्कूली पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं। निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं। जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं। वहीं सत्ता हासिल करने को बेताब बीएनपी चुनाव में हो रही देरी से भी बेचैन हो रही है। दरअसल, सरकार पर उन छात्र नेताओं का भी बड़ा दबाव है, जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन का नेतृत्व किया था। जिसके बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कालांतर उन्होंने भारत में शरण ली थी। असल में, छात्र नेता दबाव बना रहे हैं कि वर्ष 1972 के बांग्लादेश के संविधान को फिर लिखा जाए। वे संविधान को मुजीबिस्ट चार्टर बता रहे हैं। आरोप है कि इसी ने भारत की आक्रामकता का मार्ग प्रशस्त किया। निश्चित रूप से मुजीब विरोधी आख्यान और भारत विरोधी बयानबाजी मिलकर बांग्लादेश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर पानी फेर सकती हैं। ढाका को सलाह दी जानी चाहिए कि न तो वो दिल्ली से रिश्ते खराब करे और न ही मुजीब को इतिहास के कबाड़ के हवाले करे।

## संक्षिप्त खबरें...

### शीतलहर की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों पर 4 से 7 जनवरी तक अवकाश घोषित

**चित्तौड़गढ़ ।** वर्तमान में प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप के जारी होने की वजह से आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का 04 जनवरी 2025 से दिनांक 07 जनवरी 2025 तक के लिये अवकाश घोषित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नंदलाल मेघवाल ने बताया कि आंगनबाडी केन्द्र के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को दिए जाने वाला गर्म पोषाहार टेक होम राशन के रूप में दिया जाएगा। अन्य सेवाएं यथा टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आदि अन्य गतिविधियां पूर्व की भांति संपादित की जायेगी।

### अन्तर सदनीय अंग्रेजी व्याख्यानमाला आयोजित

**चित्तौड़गढ़ ।** सैनिक स्कूल में अंग्रेजी व्याख्यानमाला का TV आयोजन स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया के निर्देशन में किया गया। स्कूल के शंकर मेनन सभागार में आयोजित हुई इस अंतर सदनीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार एवं सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्कूल के जन संपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी सदनों के कैडेट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता को सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर तीन वर्गों में बाँटा गया। सीनियर वर्ग की इस प्रतियोगिता का विषय एस. जयशंकर द्वारा भारत की पाँच प्रतिज्ञाएँ रखा गया। जूनियर वर्ग की इस प्रतियोगिता का विषय ओडीओपी भारतीय सेना बिपिन रावत द्वारा नेतृत्व वार्ता एवं सब जूनियर वर्ग का विषय सुधा मूर्ति द्वारा-अनुशासन और सफलता'रखा गया। प्रत्येक सदन से एक-एक कैडेट ने अपनी व्याख्यान की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जयमल हाउस से कैडेट राजवीर सिंह डोडिया प्रथम, लव हाउस से कैडेट शौर्य सिंह द्वितीय एवं प्रताप हाउस से कैडेट चेतन मीना तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में बादल हाउस का हर्ष राज सिंह झाला प्रथम, प्रताप हाउस से कैडेट युगदर्शन सिंह द्वितीय एवं कुम्भा हाउस से कैडेट भविष्य सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सब जूनियर वर्ग में पद्मिनी हाउस की कैडेट सुरभि मिश्रा प्रथम एवं अशोका हाउस का कैडेट उत्कर्ष द्वितीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता की प्रभारी अंग्रेजी की अध्यापिका श्रीमति जयंती सक्सेना थी। निर्णायक का कार्य अंग्रेजी के अध्यापिका दिव्या राव, अंग्रेजी के अध्यापक आदित्य तोमर एवं स्कूल की काउंसलर शताक्षी ने किया। संगणक का कार्य गणित के अध्यापक अमित कुमार झा ने किया। अंत में मुख्य अतिथि ने विजेता कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

## कृषि उपकरणों का उपयोग कर शारीरिक श्रम को करे कम

**चित्तौड़गढ़ ।** कृषि में छोटे छोटे उपकरणो का उपयोग कर शारीरिक श्रम कम किया जा सकता है इस के साथ ही समय व लागत को भी कम किया जा सकता है। उक्त विचार महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय, उदयपुर के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं कट्स द्वारा लक्ष्मी खेडा, भैसरोडगड मे आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में डॉक्टर हेमू राठोड़ ने व्यक्त किए। यह प्रशिक्षण भारत सरकार के एक प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आयोजित किया गया और इस परियोजना के इंचार्ज फिशरीज महाविद्यालय, उदयपुर के अधिष्ठाता डा. आर ए कौशिक है और इस परियोजना को लाने के लिए डा. आर ए कौशिक का मुख्य उद्देश्य उन्नत तकनीक व कृषि उपकरणो को किसानों तक पहुंच कर कृषि को आसान बनाना है। प्रोग्राम ऑफिसर, डॉ. आदर्श शर्मा ने बताया की यह प्रशिक्षण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रयोजित परियोजना के अन्तर्गत आयोजित किया गया व बताया कि इस परियोजना के माध्यम से हम चित्तौड़गढ़ जिले के सभी 8 ब्लोक में प्रशिक्षण से किसानों को लाभान्वित किया है और अभी तक हम 12 प्रशिक्षणो का आयोजन कर चुके हैं।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. हेमु राठौड़, वैज्ञानिक एक्रिप ने कृषक महिलाओं के श्रम व साध्य साधनों के उपयोग पर प्रकाश डाला साथ ही उन्नत दरांती, मक्का छीलक यंत्र, मूंगफली छीलकयंत्र, ट्रांस्प्लान्टर, वेजीटेबल पिकिंग बैग, सोलर हेट, अंगुली मे पहने जाने वाली सब्जी कटर, व्हील हैड हो, अफिम में चिरा व एकत्रित करने के उपकरण आदि पर प्रशिक्षण दिया व बताया की उचित समय पर कृषि कार्यो को सम्पन्न करने के लिए आधुनिक कृषि यंत्रो का उपयोग करना आवश्यक हो इन उपकरणो का कृषि में उपयोग से मानव श्रम न्यूनतम हो जाता है। मक्का छीलक यंत्र, मूंगफली छीलकयंत्र, ट्रांस्प्लान्टर, वेजीटेबल पिकिंग बैग किसानों को बहुत अच्छे लगे व खुद अपने हाथों से उपयोग कर देखा और कहा कि इन यंत्रो का उपयोग करना बहुत आसान है व समय भी कम लगता है। मेनेजर इफको मुकेश आमेटा ने नैनौ यूरिया व नैनौ डिएपी के फायदे बताते हुए इनके उपयोग के बारे मे विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान राकेश कुमार यादव ने किसानों को ड्रोन से नेनो डीएपी व नेनो युरिया छिड़काव एक एक गेहू के खेत मे करके किसनो को दिखाया । कट्स मानव केन्द्र, चित्तौड़गढ़ के गौहर मेहमूद ने बताया कि इस प्रशिक्षण में कुल 30 कृषको ने भाग लिया गया। कार्यक्रम के अंत में मदन गिरी गोस्वामी ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया तथा किसानों को ज्यादा से ज्यादा तकनीक अपनाने व एफ पी ओ से जुड़ने का आह्वान किया। । इस दौरान मुकेश धाकड़ व छितर लाल आदि उपस्थित थे।

## जोगणिया माता शक्तिपीठ मंदिर की व्यवस्था में अनियमितताओं को लेकर सोपा ज्ञापन



**बेगू (पुकार) ।** जोगणिया माता शक्तिपीठ मंदिर, जो क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, की व्यवस्था को लेकर अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई गई। यह मंदिर जोगणिया माता शक्ति पीठ विकास संस्थान (पंजीकृत) के अंतर्गत संचालित है, जो मंदिर के संचालन और विकास हेतु गठित किया गया था।ज्ञापनदाता के अनुसार, पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से इस संस्थान में कोई वैधानिक निर्वाचन नहीं हुआ है। इसके चलते यह संस्था एक ही परिवार के नियंत्रण में है, जो समस्त कार्यों और निर्णयों पर एकाधिकार बनाए हुए हैं। इस स्थिति के कारण प्रबंधन में अनियमितताओं की आशंकाएँ व्यक्त की जा रही हैं।इस विषय को लेकर उपखंड अधिकारी के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार विष्णु यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में जोगणिया माता शक्ति पीठ विकास संस्थान का विधिवत निर्वाचन कराने, आय-व्यय विवरणों की जांच करवाने, और मंदिर की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु वैधानिक उपाय अपनाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर , सरपंच राजकुमार सेन, प्रेमचंद धाकड़, शिवलाल गुर्जर, सांमरिया, धर्मेंद्र मेवाड़ा, घनश्याम जोशी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।इधर जोगणियां माता शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि मंदिर निर्माण का भव्य निर्माण हो रहा है जिसमें समय लगता है। संस्थान द्वारा एतिहासिक कार्य हो रहे है। गो शाला आदि जगहों पर कहीं कोई अव्यवस्था नहीं। संस्थान के चुनाव भी नियमानुसार हुए है। जोगणियां माताजी में हमेशा हमारा सेवा करने का भाव रहा है।

## प्रतिभा प्रदर्शन के साथ सम्पन्न हुआ जिला स्तरीय युवा महोत्सव

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** प्रमोद कुमार दशोरा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा चित्तौडगढ ने बताया जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव शुक्रवार को प्रियदर्शनी इन्दिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यह आयोजन युवाओं को अवसर प्रदान करने की दृष्टि से युवा महोत्सव के रूप में किया गया। सर्व प्रथम यह आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर चयनित कलाकारों को शुक्रवार को जिला स्तर पर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतियोगिता में विषयगत, कपडा, सोलो फौक डान्स, सोलो सॉन्ग, ग्रुप डान्स, लोक नृत्य, लोक गायन, पेन्टिंग, कहानी लेखन, कविता, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी, रील ग्राफिक्स एवं विज्ञान प्रदशनी आदि का आयोजन किया गया। इसक अतिक्ति मांडने आदि में भी संभागियों ने बढचढ कर भाग लिया। आयोजन मुख्य अतिथि विधायक माननीय चन्द्र भान सिंह आक्या विधान सभा क्षेत्र चित्तौडगढ, विशिष्ट अतिथि भरत जी पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद, अनित ईनाणी पार्षद चित्तौडगढ आदि के उपस्थिति में शुभारम्भ किया गया। सर्व प्रथम सरस्वती पूजन किया तथा इसी के साथ ईश वंदना की गई। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहें प्रमोद कुमार दशोरा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा ने स्वागत उद्बोधन दिया। विधायक आक्या ने युवा महोत्सव कार्यक्रम में भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की आज के परीपेक्ष मे इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को अवसर दिया जाना अति आवश्यक है। इसे युवाओं को केवल अवसर ही नही अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के मौके भी मिलते है। उपस्थित सभी संभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कौशल का प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में मध्य में आलोक रंजन जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ ने अवलोकन किया तथा उपस्थित संभागियों की उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में दौरान उपखण्ड अधिकारी वीनू देवल उपस्थित रहें।

**जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित**

## सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा कर इनके समाधान पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट के समाधान पर शीघ्र कार्यवाही करने, जिले हेतु सड़क सुरक्षा योजना तैयार करने, नेशनल हाईवेज पर अनाधिकृत वाहनों, दुकानों व पशुओं को हटाने की कार्यवाही करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रिठोला चौराहे पर साइन बोर्ड लगाने, कर्मचारियों को हेलमेट लगाने हेतु पाबंद करने, तेज रफ्तार वाहन चालकों पर कार्यवाही करने, कलक्ट्रेट परिसर में अवैध वाहन पार्किंग पर कार्यवाही करने, विभिन्न स्पीड ब्रेकर पर कलर करवाने, चौराहों पर रिफ्लेक्टर लगवाने के भी निर्देश बैठक में दिए।

उन्होंने दुर्घटना रोकने हेतु सड़क, सर्विस लेन, पुलिया, स्पीड ब्रेकर, डिवाइडर आदि के आवश्यक निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में घटने वाली बड़ी सड़क दुर्घटनाओं के लिए आपातकाल चिकित्सा योजना, जिले में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने हेतु पुलिस तथा परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा की गई प्रवर्तन करवाई की एवं कार्य योजना तैयार करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग बी पी सिंह ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही से अवगत करवाया। बैठक में एडीएम रामचंद्र खटीक, एएसपी मुकेश सांखला, सीएमएचओ ताराचंद गुप्ता, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, जिला परिवहन अधिकारी सुमन डेलू सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पुलिस, नगर पालिका व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मकान में बने बाड़े से 48 किलो 360 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त

**एक लग्जरी कार एवं मोटर साईकिल जब्त, दो गिरफ्तार, तीन नामजद**



**बेगूं (पुकार) ।** क्षेत्र के पारसोली थाना पुलिस ने शुक्रवार को मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के आकोडिया गांव में एक मकान में बने बाड़े से 48 किलो 360 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक लग्जरी कार एवं एक मोटर साईकिल को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने अन्य तीन आरोपियों को नामजद किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि थानाधिकारी पारसोली प्रेमसिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में पारसोली थाने के कानि. मनोज, प्रितम, जितेन्द्र, शीशराम, रतनसिंह व हरिकृष्ण द्वारा मादक पदार्थों की धरपकड हेतु थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम आकोडिया पहुंचने पर एक घर के पीछे बने बाडे में कुछ व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियां को अंजाम देते हुए नजर आये, बाडे के बाहर एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार एवं एक टीवीएस अपाचे मोटर साईकिल खड़ी हुई मिली। बाडे में खड़े 5 व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागे जिनमें से 2 व्यक्तियों को पुलिस टीम ने धरदबोचा। दोनो व्यक्तियों को पकडकर नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम आकोडिया थाना पारसोली निवासी शक्ति सिंह पुत्र भंवर सिंह राजपूत एवं गेंजरा पुलिस थाना गंगरार निवासी ईश्वर सिंह पुत्र पप्पू सिंह राजपूत बताते हुए भागने वाले युवको का नाम आकोडिया थाना पारसोली निवासी भैरुलाल पुत्र रतनलाल धाकड, मुलीया (दुगार) थाना पारसोली निवासी महेन्द्र गुर्जर पुत्र सुवा गुर्जर एवं गेंजरा थाना गंगरार निवासी कान सिंह पुत्र भंवर सिंह राजपूत होना बताया।

एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो अनुसार बाडे की तलाशी ली गई तो बाडे में 4 कट्टे मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा से भरे हुए पाये गए। सभी कट्टो का वजन किया गया तो कुल वजन 48 किलो 360 ग्राम हुआ। शक्ति सिंह एवं ईश्वर सिंह ने बाडे के बाहर खड़ी कार में मध्यप्रदेश की तरफ से अफीम डोडाचूरा लेकर आना एवं मोटर साईकिल से एस्कोर्टिंग करना बताया। शक्ति सिंह, ईश्वर सिंह, भैरुलाल धाकड, महेन्द्र गुर्जर, कान सिंह के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर कार, मोटर साईकिल को जप्त किया जाकर शक्ति सिंह, ईश्वर सिंह को गिरफतार किया गया।

## मनचलों पर कार्यवाही व महिलाओं की सुरक्षा के लिये कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की शुरुआत

**पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** राजस्थान पुलिस की ओर से शहर चित्तौड़गढ़ में महिला सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शुरू हो गई है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जिले को आवंटित छः स्कुटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यूनिट महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग करेगी। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की रोकथाम ले लिए राजस्थान सरकार ने हर जिले में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट बनाने का फैसला लिया है। इसका मकसद महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकना है। यूनिट महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग करेगी। छेड़छाड़, लूटपाट और उत्पीड़न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर है। इसी क्रम में शुक्रवार को छः स्कूटी को हरी झंडी दिखाकर यूनिट की शुरुआत की गई। ये स्कूटी शहर में गश्त करेंगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट महिलाओं और लड़कियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करेगी। यूनिट के सदस्य शहर में लगातार गश्त करेंगे। वे छेड़छाड़, लूटपाट और उत्पीड़न जैसे अपराधों पर नज़र रखेंगे। ऐसी घटनाओं में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इससे महिलाएं और लड़कियां बेझिझक बाहर निकल सकेंगी और सुरक्षित महसूस करेंगी। एएसपी सिकाउ मुकेश सांखला ने बताया कि यह यूनिट दो पारियों में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 1 बजे से सांय 7 बजे तक शहर में गश्त करेगी। यूनिट मुख्य रूप से स्कूल, कॉलेज, बाजार, धार्मिक स्थल, पार्क, बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों, भीड़-भाड़ वाले स्थान व अन्य संवेदनशील स्थानों पर युवतियों व महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छींटाकशी, चेन स्नैचिंग सहित अन्य घटनाओं की प्रभावी रोकथाम करेगी। यूनिट में शामिल महिला पुलिसकर्मी को स्कूटी, हेलमेट, वायरलेस सेट, नीली वर्दी मिली है। शहर के बालिकाओं के स्कूलों में शिकायत पेटिका की व्यवस्था को चालू किया जायेगा, जिसमें स्कूली बालिकाएं गुप्त रूप से अपनी शिकायत का पत्र लिख कर उसमें डाल सकती हैं, जिनका उक्त यूनिट द्वारा संज्ञान लिया जाकर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

## सद्गुरु की कृपा से प्राप्त होता है ब्रह्मज्ञान - रेणुका निमावत



**बड़ीसादड़ी (पुकार) ।** रेगर समाज के पंचायती भवन में रात्रि को निरंकारी मिशन की ओर से सत्संग का आयोजन किया गया! मिशन के मीडिया सहायक राधेश्याम रेगर ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्संग के प्रारंभ में देवेंद्र सिंह राठौड़ (सी आई) दिलीप कुमार चौधरी (भूतपूर्व चेयरमैन) रघुवीर सिंह झाला (वकील) विजय सिंह सारंगदेवोत (पूर्व सरपंच) रमेश चंद्र चौधरी (पंचायत समिति सदस्य) प्रतिनिधि आदि ने बाहर से आए महात्मा का माला व दुपट्टा पहनकर स्वागत किया! उदयपुर से पधारे निरंकारी ज्ञान प्रचारक रेणुका बहन ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक क्षण में परमात्मा से मिला देता है, सद्गुरु! यही सतगुरु की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा को जानने के बाद ही अपने मूल रूप का पता चलता है कि हम आत्मिक रूप से इसी परमात्मा की अंश है एक परमात्मा का एहसास होने के बाद एकत्व का भाव साकार हो जाता है परमात्मा को जानकर प्रेम भावना से भक्ति की जाए तो वह प्रेमा- भक्ति बन जाती है। हर एक में परमात्मा है और हर कोई श्रेष्ठ है इस भाव से विचरण करे तो भेदभाव समाप्त हो सकता है निःस्वार्थ रूप से सेवा का भाव तथा एक- दूसरे के साथ सहयोग करते हुए जीवन जीना ही मानवता है सदैव सरबत के भले की बात रखनी है संत का हृदय हर एक के लिए पिघल जाता है और अपने पराए का भेद मिट जाता है केवल शारीरिक रूप से ही इंसान नहीं बनना बल्कि मानव मात्र के प्रति मानवता जलकनी चाहिए परमात्मा को अपने दिल में बिठाएंगे तभी मानवता के प्रति प्यार होगा हर इंसान को कीचड़ में कमल की तरह खिलना चाहिए आसपास का माहौल खराब होने के बावजूद भी हमें अपने जीवन को निखारना चाहिए। रेगर समाज के अध्यक्ष रमेश चंद्र मोहिल एवं गायत्री परिवार की ओर से समाज के गणमान्य नागरिक भोरी राम भंवरलाल पार्षद अमृतलाल मोहनलाल नंदलाल और अनेक समाज जन उपस्थित होकर बहार से सभी संत महात्माओं का स्वागत एवं आभार प्रकट किया कार्यक्रम का संचालन भेरूलाल निरंकारी ने किया।

## श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति संध्या में आने का दिया निमंत्रण



**निम्बाहेड़ा।** श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल द्वारा निम्बाहेड़ा की कृषि उपज मंडी में 4 जनवरी, शनिवार को श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर मण्डल सदस्यों द्वारा पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी को भजन संध्या में पधारने के लिए निमंत्रण पत्र देकर निवेदन किया गया। इस दौरान मण्डल के विरेश चपलोत, गजेंद्र नवलखा, नीलेश मेहता, कपिल चौधरी, वैभव अब्भाणी, हर्षद बोड़ाना आदि मौजूद रहे। श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यालय पर पहुंच कर विधायक श्रीचंद कृपलानी एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा को श्री पार्श्व भैरव भक्ति संध्या में पधारने का आग्रह किया। मण्डल पदाधिकारियों ने भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी को भी भक्ति संध्या का निमंत्रण पत्र सौंपकर पधारने का आग्रह किया।

## थानाधिकारी पुलिस थाना सदर को कानूनी कार्यवाही करने बाबत परिवाद सौपा

**चित्तौडगढ़ ।** सुश्री मीरा रेगर पुत्री श्यामलाल जी जाति रेगर उम्र 17 वर्ष निवासी रेगर मोहल्ला, मीठाराम जी का खेडा, प्रतापनगर, चित्तौडगढ , पुलिस थाना सदर चित्तौडगढ तहसील व जिला चित्तौडगढ़ (राज.) ने परिवाद मे बताया कि मेरा पुश्तेनी मकान रेगर मोहल्ला, मीठाराम जी का खेडा, प्रतापनगर, चित्तौडगढ मे स्थित है घटना दिनांक 2-1-2025 रात्री करीब 1:45 बजे के आस-पास की हैं। घर के मुख्य द्वार पर लगे लोहे के दरवाजे को तोडने की आवाजें आ रही थी आवाज सुनकर नींद खुल गयी। मै व मेरी दादी ने मकान की प्रथम मंजिल के छज्जे पर आकर नीचे देखा तो अभियुक्त अशोक रेगर, लोकेश रेगर, देवेन्द्र रेगर, मुकेश सालवी, के हाथों मे लोहे के पाईप , पत्थर व लठ्ठ थे जिनसे दरवाजे को तोड रहे थे। दरवाजे मे लगे लोहे के दो कुन्दो में से एक कुन्दा टूट कर नीचे गिर गया दुसरा कुन्दा भी करीब टूट गया व घर के बाहर दिवार पर लगे पाईप को भी तोड दिया, उपर से ही मै व मेरी दादी चिल्लाये तो मॉ-बहिनों की भद्दी भददी गालिया निकालते हुए दरवाजे को तोड कर घर मे घुस कर बडी वारदात को अन्जाम देने के ईरादे से ही आये थे। घटना मे दरवाजे का टूटा हुआ कुन्दा साथ लेकर आयी हूं। मैं प्रार्थीया कक्षा 11वीं की छात्रा हूं एवं महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे अध्ययनरत हूं। रात्री को पुलिस गश्त कर रही थी जिनको किसी ने सूचना दी जिसकी भनक लगते ही सभी अभियुक्तगण भाग गये। मेरे पिताजी दिनांक 1-1-2025 को अहमदाबाद ईलाज करवाने गये थे साथ मे मेरी माताजी भी गयी हुई थी जो 2-1-2025 को रात्री 11:30 बजे घर आये। मै व मेरी दादी ने घटना की सारी जानकारी दी। डॉक्टर के ईलाज की पर्ची व बस टिकट साथ संलग्न हैं। इस कारण समय पर पुलिस मे रिपोर्ट दर्ज नही करा पायी आज रिपोर्ट देती हूं कानूनी कार्यवाही की जावें। प्रकरण दर्ज कर अभियुक्त अशोक रेगर, लोकेश रेगर, देवेन्द्र रेगर, मुकेश सालवी, के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएएस लतिका पालीवाल का स्वागत कर की साहित्यिक विषयों पर चर्चा

**राजसमंद (पुकार)।** नवनियुक्त सहायक कलक्टर आरएएस लतिका पालीवाल का साकेत साहित्य संस्थान की ओर से शुक्रवार को स्वागत किया



गया। संस्थान की ओर से राजसमंद के इतिहास पर केंद्रित प्रकाशित पुस्तिका आरएएस पालीवाल को भेंट की गई। आरएएस लतिका पालीवाल ने इस दौरान संस्थान के साथ साहित्य से जुड़े विभिन्न विषयों, समस्याओं, चुनौतियों आदि पर चर्चा की। पालीवाल ने कहा कि युवाओं को साहित्य से जोड़ने के लिए समग्र प्रयास जरूरी हैं। इस दौरान संस्थान के कमल अग्रवाल, दिनेश श्रीमाली, परितोष पालीवाल, लेखराज मीणा, छगनलाल प्रजापत, मदन जोशी आदि मौजूद थे।

### विधायक दीप्ति ने सरकार की 1 वर्ष की उपलब्धियों को सराहा

**राजसमंद (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विधायक कार्यालय में क्षेत्रीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल वादों को पूरा करने और प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला रहा है। विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 1 वर्ष में सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सरकार की प्रतिबद्धता और जनता के प्रति जवाबदेही के परिणामस्वरूप, प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने इस दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति के सुधार को विशेष रूप से रेखांकित किया।



दीप्ति माहेश्वरी, विधायक

बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि सरकार ने अपनी बजट घोषणाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया है। इससे न केवल विकास योजनाएं तेजी से पूरी हुई हैं, बल्कि आमजन को उनके लाभ भी समय पर प्राप्त हुए हैं। भाजपा सरकार की संस्कृति है कि जो कहा वह समय पर पूरा करो।

कानून व्यवस्था में सुधार

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था फिर से पटरी पर आ गई है। सरकार ने अपराधों पर अंकुश लगाने और आम जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। विधायक माहेश्वरी ने सरकार की योजनाओं और उनके प्रभावों की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल शुरुआत है। आने वाले वर्षों में प्रदेश को और अधिक प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### 01 अप्रेल को किया जाएगा राज्य बीमा पॉलिसी का भुगतान

**राजसमंद (पुकार)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की ओर से 01 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य सेवानिवृत होने वाले राजकीय कर्मचारियों की 01 अप्रेल 2025 को परिपक्व हो रही राज्य बीमा पॉलिसी का भुगतान किया जाएगा। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जिले के सहायक निदेशक रूपा डिंडोर ने बताया कि बीमेदारों को जनवरी के प्रथम सप्ताह तक एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर अपनी एसएसओ आईडी से ऑनलाईन दावा सबमिट करना होगा एवं आवश्यक दस्तावेज बीमा रिकॉर्ड बुक, पॉलिसी बॉण्ड एवं पदस्थापन का विवरण अपलोड करने होंगे। उन्होने बताया कि दावा ऑनलाईन सबमिट करने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए दूरभाष से कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जो कर्मचारी सेवा निवृति के बाद की आगामी मार्च 2026 तक बीमित रहना चाहते हे तो वे अपनी एसएसओ आईडी के द्वारा विकल्प का चयन कर इस कार्यालय को तुरन्त सूचित करावें।

### वेतन विसंगति के संबंध में शिक्षक संगठन ने सीबीईओ को सौंपा ज्ञापन

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला उपशाखा ने सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त तृतीय श्रेणी वेतन श्रृंखला वाले अध्यापकों के वेतन विसंगति निस्तारण के लिए सीबीईओ नरोत्तम कुमार दाधीच को ज्ञापन सौंपा। जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सीधी भर्ती मामले में 01 जनवरी 2006 के बाद वेतनमान संशोधन के कारण एक ही वेतन श्रृंखला के पहले से नियुक्त वरिष्ठ कार्मिकों का वेतन बाद में नियुक्त कनिष्ठ कार्मिकों से कम हो गया था जो कि समान कार्य, समान वेतन के प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। वित्त विभाग के आदेश 28 मई 2021 के अनुसार ऐसे मामलों में वरिष्ठ कार्मिकों के वेतन को उससे कनिष्ठ कार्मिक के वेतन के बराबर उस तिथि से बढ़ाकर देने की अनुमति दी गई थी जिस तिथि से कनिष्ठ कार्मिक ने उच्चतर वेतन लेना चालू किया था जो कि 01 जुलाई 2013 से प्रभावी है। इस सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि की ओर से भी 15 जनवरी 2024 को अधीनस्थ अधिकारियों को वेतन विसंगति निस्तारण के लिए निर्देशित किया जा चुका है। सीबीईओ को ज्ञापन सौंप कर इस प्रकरण के निस्तारण के लिए समस्त पीईईओ को पुनः निर्देशित करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री शंकरलाल माली, जिला उपशाखा अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, मंत्री अरुण प्रजापत, शिवदास बैरागी, मुकेश कुमावत, मुकेश वैष्णव, घनश्याम खत्री, राजेंद्रसिंह चारण सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जयकार समाज विकास संस्था की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

**राजसमंद (पुकार)।** अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था के प्रदेश महासचिव राजेंद्र कुमार बराला ने प्रदेशाध्यक्ष दुर्गालाल बारेठ की सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें संरक्षक भेरूलाल चारण एवं बजरंगलाल झूटक, सभाध्यक्ष भेरूलाल खरेलवा, उपसभाध्यक्ष अंबालाल चारण, सलाहकार बंशीलाल रेवल, गोपाल लालावत, परसराम गोग्या व अशोक कुमार गोरेर, कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास करसाण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरूलाल लखावत, उपाध्यक्ष सुरेश बराला, राधेश्याम सगदार, मंगलाराम सांखला, बालूराम चौधरी, बसंतीलाल जामका, अशोक कुमार चारण, मोतीलाल जामका व सुरेश खेड, सहायक कोषाध्यक्ष राधेश्याम बगड़वा, अतिरिक्त महासचिव सुगनचंद सियोल एवं ओम प्रकाश सिसोदिया, संयुक्त महासचिव हेमंत सोपतका एवं रणजीत सगदार, संभागीय सचिव उदयपुर देवीलाल बिहारिका, संभागीय सचिव जयपुर गजेंद्र पडपडका, संभागीय सचिव अजमेर आजाद आगेडी, संभागीय सचिव जोधपुर प्रभुराम गोड, संभागीय सचिव कोटा प्रभुलाल सोपतका, प्रदेश मंत्री जगदीश चंद्र पोरवाड एवं सुरेश हाथीका, महिला प्रदेश प्रवक्ता शोभालाल बराला एवं मनोहरीदेवी, प्रदेश संयुक्त मंत्री गोपाललाल सांगावत व प्रभूलाल गेगावत, प्रदेश संगठन मंत्री पप्पूराम जांगिड़ एवं हनुमान लाल गोरेर, प्रदेश प्रचार मंत्री कैलाशचंद्र चारण एवं मेघराज जाम, कार्यालय सचिव श्यामलाल चौधरी, विधि सचिव शिवदयाल बिहारिका, खेल एवं सांस्कृतिक मंत्री राजकुमार सोपतका, महिला मंत्री चंदादेवी, महिला संयुक्त मंत्री मीरा बराला, महिला संगठन मंत्री कौशल्या करसाण तथा भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष लादूलाल फोगा, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल बिहारिका, उदयपुर जिलाध्यक्ष प्यारेलाल पदव, राजसमंद जिलाध्यक्ष राजूलाल जूटक, टोंक जिलाध्यक्ष अशोक पोरवाड, जयपुर जिलाध्यक्ष राजेश मचवाल, सीकर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद गरसोरा, अजमेर जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद्र उन्दडका, जोधपुर जिलाध्यक्ष रामनिवास गेगावत, नागौर जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोरेर, ब्यावर जिलाध्यक्ष भैराराम बागड़वा, बूंदी जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल खरेलवा, कोटा जिलाध्यक्ष राजेश गरसोरा एवं सभी सामाजिक धर्मशालाओं के अध्यक्ष विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किए गए। प्रदेश महासचिव राजेंद्र कुमार बराला ने कहा की समाज में विभिन्न समितियां की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी।

# कलक्टर की पहल पर महज नौ दिन में ही 58 हजार लोगों ने कर दिए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के आवेदन

- कलक्टर असावा का नवाचार मिशन कुटुंब कवच ला रहा रंग
- लोग उत्साह से जुड़ रहे जीवन ज्योति बीमा योजना से
- मिशन कुटुंब कवच के शिविरों में उमड़ी लोगों की भीड़
- जीवन ज्योति बीमा योजना में आवेदन को लेकर दिख रहा उत्साह



**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा का अभियान मिशन कुटुंब कवच अब रंग लाता दिख रहा है। सतत मॉनिटरिंग और समन्वय का नतीजा यह हुआ कि मात्र नौ दिन में ही जिलेभर में 58 हजार लोगों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में पंजीयन के लिए अपने आवेदन दिए हैं। सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गंभीर कलक्टर असावा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में वंचित समस्त नागरिकों को जोड़ने के लिए मिशन कुटुंब कवच अभियान शुरू किया था, जिसके तहत समस्त ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में 27 दिसंबर और शुक्रवार को मेगा शिविर लगे। इसके अलावा अन्य दिनों में भी विभिन्न विभागों ने आवेदन लेने का कार्य किया। नतीजा यह है कि इतने कम दिनों में ही 58 हजार लोगों ने आवेदन कर दिया।

हर विभाग निभा रहा अपनी भूमिका

विभागवार प्रगति देखें तो लीड बैंक मैनेजर की ओर से 4591, राजीविका द्वारा 12827, ग्राम विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा 24667, राजस्व विभाग द्वारा 7831, कृषि विभाग द्वारा 2900 आवेदन करवाए गए हैं। इसके अलावा अन्य विभागों द्वारा भी आवेदन करवाए गए हैं। शुक्रवार सायं तक कुल 58 हजार 754 आवेदन आमजन द्वारा दिए गए हैं। अब इन आवेदनों को प्रक्रिया में लिया जाकर पॉलिसी जारी करने का कार्य भी बैंकों द्वारा तत्परता से जारी है।

महज 436 रुपए में मिलता है 2 लाख का जीवन बीमा

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार द्वारा लागू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह योजना 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी बचत खाता धारकों के लिए लागू है। प्रीमियम की राशि खाताधारकों के बैंक खाते से ऑटो डेबिट के माध्यम से काटी जाती है। मिशन कुटुंब कवच महाअभियान के तहत प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के सभी पात्र नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल सकें। खासतौर पर उन वंचित और जरूरतमंद लोगों को जो अभी तक इस योजना का हिस्सा नहीं बने हैं। जिला प्रशासन के प्रयासों के तहत विभिन्न विभागों जैसे कृषि, राजीविका, पंचायती राज और राजस्व सहित अन्य विभागों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया है।

हर व्यक्ति को जोड़ना हमारा लक्ष्य : कलक्टर असावा

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर नागरिक तक बीमा सुरक्षा पहुँचाने का एक प्रयास है और समाज के सभी वर्गों को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के लिए कि योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे, प्रशासन विभिन्न जागरूकता अभियान भी चला रहा है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत टोल नाकों पर की वाहनों की आकस्मिक जांच




**राजसमंद (पुकार)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा के नेतृत्व में मांडावाडा टोल प्लाजा पर एनएचएआई के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान की नोडल प्रभारी डीटीओ डॉ कल्पना शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए जागरूकता पेम्पलेट वितरित किए गए। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही उपस्थित वाहन चालकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली, जिसमें दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना शामिल है। कार्यक्रम में एनएचएआई की ओर से टोल प्लाजा मैनेजर अमित विनायक इंदूलकर और सुजित वर्मा ने भी भाग लिया। उन्होंने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता पेम्पलेट वितरित किए और उन्हें हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम पूरे जनवरी माह में आयोजित किए जाएंगे।

## तीन दिवसीय संत समागम हुआ शुरू यजमानों ने दी हवन यज्ञ में आहुतियां

**राजसमंद (पुकार)।** जिले में सेवन्त्री पंचायत के कसार गांव में बनने जा रहे निर्माणाधीन गुरुकुल पर सनातन वैदिक शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय संत समागम का शुक्रवार को अभिजीत मुहूर्त में सूरजकुंड धाम के अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज एवं संतो के सानिध्य में शुभारंभ हुआ। संस्थान के अध्यक्ष पंडित उमेश द्विवेदी ने बताया कि संतो के अरावली की वादीयो में पहुंचने पर संस्थान के विद्वान ब्राह्मणों एवं ग्रामीणों द्वारा संतो का वैदिक मंत्रोचार एवं पुष्प वर्षा के साथ स्वागत सत्कार कर यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। जहां पर हवन यज्ञ में मंत्रों द्वारा पांच आहुतियां देखकर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद में विद्वान ब्राह्मण पंडितो के मंत्रोचार पर यजमानों द्वारा सपत्नीक जोड़े से बैठक कर हवन यज्ञ में आहुतियां दी। इस तीन दिवसीय संत समागम को लेकर



कसार गुरुकुल के निर्माणधीन स्थल पर सैकड़ो की तादात में भामाशाह, समाजसेवी सहित ग्रामीण एवं श्रद्धालु भक्त गण पहुंचे। जहां इस महायज्ञ में अपना योगदान देखकर संतों का आशीर्वाद लिया। कसार ग्राम मे सनातन वैदिक शिक्षक संस्थान विगत 24 वर्षों से अनवरत 15 दिवसीय आवासीय वैदिक संस्कार शिविर का आयोजन कर रहा है। अब इस कार्य को वर्ष पर्यंत करने के लिए एक गुरुकुल की आवश्यकता है। संत समागम में सूरजकुंड धाम के अवधेशानंद चैतन्य, वृंदावन धाम से दंडी स्वामी गोपाल आश्रम महाराज, राजनगर से संत बिहारी दास महाराज, संत श्याम दास महाराज राजनगर सहित विभिन्न संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान संस्थान के विद्वान पंडितो द्वारा देव यज्ञ एवं विभिन्न स्त्रोतों के पाठ प्रारंभ किया जो 3 दिन तक चलेगा।

## 75 वर्ष होने पर संविधान के चित्रों की लगेगी प्रदर्शनी

- एमटीएफ 3.0 में प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 जनवरी को

**राजसमंद (पुकार)।** साहित्य व संवाद के उत्सव मेवाड़ टॉक फेस्ट का तीसरा संस्करण शहर के भिक्षु निलयम में 11 एवं 12 जनवरी को आयोजित होगा। पूर्व संध्या पर 10 जनवरी को संविधान के चित्रों की प्रदर्शनी लगेगी। शुक्रवार को सम्पन्न हुई आयोजन टीम की बैठक में प्रदर्शनी की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। मेवाड़ टॉक फेस्ट के एग्जिबिशन कॉर्डिनेटर दीपक ने बताया कि संविधान लागू होने के 75 वर्ष होने पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसका उद्घाटन 10 जनवरी शाम जिला एवं सेशन न्यायालय के न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल द्वारा किया जाएगा। दीपक ने बताया कि शुक्रवार को मेवाड़ टॉक फेस्ट के पोस्टर का विमोचन विधिवेत्ताओं द्वारा किया गया। विधि अध्येता मोहन ने बताया कि प्रदर्शनी में संविधान में शामिल किए गए 22 चित्रों की बारीकियां, संविधान के उस हिस्से में शामिल किए जाने के महत्व के साथ दिखाया जाएगा। संविधान की मूल



प्रति में लगभग हर अध्याय के आरंभ में कोई न कोई चित्र छापा गया हैं। इन चित्रों में मोहनजोदड़ो और सिंधु घाटी सभ्यता की मोहरें, श्रीराम, श्रीकृष्ण, हिमालय, थार का रेगिस्तान, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, राजा भरत, हनुमान, नटराज, भागीरथ की गंगा तपस्या, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंदसिंह, वैदिक गुरुकुल, महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस आदि जैसे राष्ट्रीय गौरवों को संविधान निर्माताओं ने जिस विचार से संविधान में शामिल किया, उसका विवरण मिलेगा। साथ ही राज पुस्तक मण्डपम् में लक्ष्मी नारायण भाला के द्वारा संविधान पर लिखी गई पुस्तकें भी उपलब्ध रहेगी। पंजीकरण विभाग के प्राध्यापक गोपाल ने बताया कि मेवाड़ टॉक फेस्ट की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। फेस्ट में प्रवेश पंजीकरण से ही पूर्णतया निःशुल्क रहेगा।

## पेंशन से कटी 20 प्रतिशत आयकर की राशि

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष पारसमल पितलिया एवं जिला मंत्री गिरजा शंकर पालीवाल ने बताया कि पेंशनर्स को माह दिसंबर की पेंशन राशि जो की जनवरी 25 में प्राप्त हुई है उनमें कई पेंशनर्स के 20 प्रतिशत राशि आयकर के रूप में कटौती होकर शेष राशि बैंक खाते में जमा हुई है। इस प्रकार पेंशन राशि कम प्राप्त हुई है। जिसका मुख्य कारण पेंशनर्स द्वारा अपनी वार्षिक आय का अनुमानित ब्यौरा अप्रैल माह में पेंशन पोर्टल नहीं डालना रहा है या अपने पैन नंबर को पेंशन पोर्टल पर आधार से लिंक नहीं किया गया है, या जिनके पास पैन नंबर ही नहीं है या जिनके पैन नंबर गलत है एवं जिनकी वार्षिक आय 03 लाख से ज्यादा है। उन सब के 20 प्रतिशत से कटौती की गई है। इस संबंध में जिला कोष कार्यालय से जो सूची प्राप्त हुई है उसके अनुसार अब भी जिले में लगभग 170 पेंशनर्स ऐसे हैं जिनके पैन नंबर भी नहीं है। 253 ऐसे पेंशनर है जिनके पैन नंबर है लेकिन पेंशन पोर्टल पर आधार से लिंक नहीं है। 17 ऐसे हैं जिनके पैन नंबर गलत अंकित है। इस संबंध में कई बार खबर के माध्यम से विभिन्न पेंशन कैंपों में, विभिन्न बैठकों में पेंशनर साथियों को बताया भी गया लेकिन अभी तक यह कार्रवाई नहीं होने से 20 प्रतिशत राशि आयकर की काटी गई है। पेंशनर्स अब भी अपने पैन नंबर पेंशन पोर्टल पर आधार से लिंक करे। जिनके पैन नंबर गलत है उनको सही दर्ज करावें और जिनके पैन नंबर नहीं है पैन नंबर प्राप्त कर आधार से लिंक करावें अन्यथा जो राशि काटी गई है वह नहीं तो रिफंड होगी और नए आगे टैक्स में समायोजीत होगी एवं आगे भी 20 प्रतिशत राशि आयकर की कटती रहेगी।

## नान्दोली में आज होगा क्रिकेट का महाकुंभ

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती निर्मल पंचायत के राजस्व गांव नान्दोली में शनिवार से एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। ग्रामीण युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित क्लब हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में क्षेत्रपाल ग्लास हाऊस एंड स्टील, शिवम मार्बल आगरीया, पंछी रेस्टोरेंट कांकरोली और आरएनजी क्लब नान्दोली जैसी चार मजबूत टीमें आमने-सामने होंगी। सभी मैच आईपीएल के तर्ज पर लीग आधारित होंगे और फाइनल तक कुल 9 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच शनिवार सुबह आरएनजी क्लब और पंछी रेस्टोरेंट के बीच खेला जाएगा।



**क्यों है खास यह आयोजन**

यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को एक मंच प्रदान करने का एक बेहतरीन प्रयास है। इससे न केवल युवाओं में प्रतिभा का विकास होगा बल्कि क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश काछवाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सिस्टम ऑफिसर मनीष को किया सम्मानित

**राजसमंद(पुकार)।** जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ की ओर से जयपुर में आयोजित ऑल इण्डिया टी-20 क्रिकेट चैम्पियनशिप 2024 के फाईनल मैच में राजस्थान द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय को शिकस्त देकर राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में जिले के न्यायक्षेत्र की ओर से मनीष जैन सिस्टम ऑफिसर ने भाग लिया और बेस्ट बॉलर का खिताब प्राप्त किया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के उपलक्ष में राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने मनीष जैन का सम्मान किया। इस दौरान राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष जसवंतसिंह राठौड़, जिला न्यायालय प्रबंधक दीपक शर्मा सहित अन्य न्यायिक कर्मचारी उपस्थित थे।



# कबड्डी में एसआरके कॉलेज के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम





**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज में खेल सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्राचार्य प्रो सुमन बडोला ने बताया कि खेल सप्ताह के अंतर्गत अभी तक शतरंज, कैरम बोर्ड, बैडमिंटन, वॉलीबॉल आदि खेल हो चुके हैं। शुक्रवार को कबड्डी छात्रा वर्ग और छात्र वर्ग के मैच हुए। कबड्डी के मैच में छात्र और छात्राओं ने जोर शोर से भाग लिया और रोमांचक खेल का आनंद उठाया। खेल प्रभारी अधिकारी डॉ अनिल कुमार कालोरिया ने बताया कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल अति आवश्यक हैं। शनिवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, गोला फेंक, भाला फेंक और तश्तरी फेंक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निर्मला मीणा, प्रो दुर्गेश शर्मा, डॉ ब्रजेश कुमार बासोतिया, डॉ उषा शर्मा, डॉ विभा शर्मा, डॉ मीनाक्षी बोहरा, डॉ प्रतीक विजय, डॉ गोपाललाल कुमावत, डॉ मनदीपसिंह, खुशबू, विजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ राकेश कुमार, डॉ राजश्री, डॉ विष्णु कुमार आदि उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

एसआरके कॉलेज में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ उषा शर्मा ने बताया कि छात्राओं ने सयसामयिक थीम और प्राकृतिक सौंदर्य के आधार पर बहुत ही सुंदर रंगोली बनाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बसंती सालवी फर्स्ट सेमेस्टर कला, द्वितीय स्थान तैबा बानू सिलावट बीए तृतीय वर्ष एवं खुशवंत कुमावत फर्स्ट सेमेस्टर रही। प्राचार्य डॉ प्रोफेसर सुमन बड़ौला ने बहुत ही सुंदर और मोहक रंगोली बनाने के लिए सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। किसी ने गीले रंगों की रंगोली तथा किसी ने मिट्टी से रंग बनाकर रंगोली में रंग भरे। निर्णायक निर्मला मीणा, डॉ गोपाल कुमावत तथा डॉ राजश्री शेखावत रहे।

## छात्राओं ने लिया ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण




**राजसमंद (पुकार)।** पीएम श्री रावत नाहरसिंह राबाउमावि की छात्राओं ने 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण लिया। विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत दो ट्रेड 1 आईटी एवं आईटीज 2 ब्यूटी एंड वैलनेस में कक्षा 11 व 12वीं की छात्राओं ने 10 दिवसीय प्रशिक्षण लिया। यह प्रशिक्षण जीबी अकैडमी के संचालक दीपेंद्रसिंह तंवर ने दिया। जिसमें छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नवीन तकनीक वेबसाइट डेवलपमेंट क्लाउड कंप्यूटिंग आदि विषयो पर जानकारी दी गई। इसी तरह ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड का प्रशिक्षण गैलेक्सी ब्यूटी पार्लर देवगढ़ में ज्योति सेन ने छात्रों को दिया। जिसमें स्किन केयर, हेयर कटिंग, ब्लीचिंग आदि विषय पर जानकारी दी। दोनों ही प्रशिक्षण ट्रेड की अनुदेशक अनामिका पंवार तथा कमलेश पंवार के निर्देशन में हुआ। समय-समय पर प्रधानाचार्य भारतीय अरोड़ा ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए तथा व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी मीना चौहान ने भी महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को प्रदान की। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कानसिंह ने प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। समापन पर छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए व छात्राओं को भविष्य निर्माण में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें...

### निःशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर के तीसरे दिन लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**सलूंबर ।** सलूंबर में आयोजित दस दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर ने जनसामान्य के स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर का आयोजन आयुर्वेद विभाग और स्थानीय महावीर इंटरनेशनल सलूंबर द्वारा किया गया। शिविर में सर्जरी, पंचकर्म, और सामान्य रोगों के उपचार हेतु विशेष सुविधाएं प्रदान की गई। शिविर में हुए एनसीडी के 76 मामले और गैर-संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोगों का परीक्षण और उपचार किया गया। पंचकर्म के 27 रोगियों का उपचारः आयुर्वेदिक पद्धति से शरीर को शुद्ध और संतुलित करने के लिए पंचकर्म प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सर्जरी के 13 मामलेः विशेषज्ञ चिकित्सकों ने क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा के 13 जटिल मामलों को सफलता पूर्वक अंजाम दिया। ओपीडी सेवाओं के तहत रोगियों को आयुर्वेदिक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना और रोगियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में सलूंबर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने निशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया और चिकित्सा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अपने स्वास्थ्य की देखभाल का संकल्प लिया। शिविर के संयोजकों ने इसे अत्यंत सफल बताते हुए कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा में लोगों की रुचि और विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने इस तरह के शिविरों को भविष्य में भी आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### एडीएम ने फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ली अधिकारियों की बैठक



**सलूंबर ।** पंचायत समिति सराडा में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने तहसील सराड़ा के सभी पटवारी भू अभिलेख निरीक्षक, कृषि अधिकारी एवं विकास अधिकारी की बैठक ली। उन्होंने बताया कि जनाधार, पीएम किसान ईकेवाईसी, डिजिटल क्रॉप सर्वे वीएनओ मैपिंग, डिजिटल पेंडेंसी,ओपन बोर वेल सर्वे, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की धरातल पर क्रियान्विति,आमजन तक पहुंचाने एवं लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, तहसीलदार आस्था रानी बामणिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 'परवाह', यातायात नियमो की प्रर्दशनी का किया उद्घाटन



**सलूंबर ।** कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी सलुम्बर में यातायात नियमों की जागरूकता से सम्बन्धित प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय विधायक शान्ता अमृत लाल मीणा ने किया। प्रदर्शनी में यातायात नियमों की पालना के लिए पोस्टर, फ्लेक्स लगाए गए। कार्यालय में ड्राईविंग लाईसेंस बनवाने आए अभ्यर्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करके यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सडक दुर्घटनाओं में से बचने के लिये जागरूक भी किया गया। इस दौरान विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी नही करने तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट नियमित लगाकर ही वाहन चलाने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया, मुख्य चि.एवं स्वा.अधिकारी डॉ. सम्पत मीणा, कैलाश गाँधी, नन्दलालजी, देवेन्द्रसिंह आदि की मौजदगी मे उद्घाटन करते हुए कहा गया कि शराब पीकर वाहन न चलाये, हेलमेट लगाकर वाहन चलाये, साथ ही यातायात जनजागरूकता की नियमों की जानकारी बताते हुए कार्यक्रम की समाप्त हुई।

### प्रयागराज महाकुंभ में रामधाम से कंटेंनर में भेजी 44 दिन की अन्न सामग्री



**भीलवाड़ा।** प्रयागराज महाकुंभ में भीलवाड़ा के रामधाम से 200 भक्तों के सहयोग से 44 दिन की प्रतिदिन एक हजार व्यक्तियों के हिसाब से 18 टन अन्न सामग्री कंटेंनर से भेजी गई । श्री राम धाम रामायण मंडल ट्रस्ट के प्रवक्ता गोविंद प्रसाद सोडानी ने बताया कि स्वामी वामदेव ज्योतिर्मठ वृन्दावन की ओर से प्रयागराज महाकुम्भ में शिविर लगाया जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रीय लोगों से सहयोग का आग्रह किया गया था। इस पर भीलवाड़ावासियों ने संतों, ब्राह्मणों, भक्तों एवं तीर्थयात्रियों के लिए 35 घी टीन, 50 सरसो तेल टीन, 31टीन रिफाइंड तेल, चावल व आटा 4 हजार किलो, पोहे, नमकीन, मंजन धन व खाद्य सामग्री एकत्रित की है जिसे रामधाम ट्रस्ट के माध्यम से पूजा अर्चना के बाद प्रयागराज शिविर में भेजा जा गया है। इस मौके पर उपाध्यक्ष हेमंत मानसिंहका, सचिव अभिषेक अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, गोपाल अग्रवाल, दामोदर अग्रवाल, रामगोपाल अग्रवाल, राकेश सिंहल, सुभाष बिड़ला, राजश्री बिड़ला, गोविन्द सोडानी, दामोदर मुंदड़ा आदि मौजूद थे।

# अपनी भावी पीढ़ी को बनाये जीनियस कार्यक्रम व सर्वाईकल कैंसर का द्वितिय चरण 12 को

## श्री नगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा द्वारा आवश्यक बैठक आयोजित, विभिन्न सामाजिक बिंदुओ पर हुई चर्चा



**भीलवाड़ा (पुकार)।** श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा की आवश्यक बैठक भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष अशोक बाहेती व नगर अध्यक्ष केदार गगरानी के नेतृत्व मे महेश छात्रावास में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की इसमें नगर सभा के कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारी, समस्त क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष व मंत्री, नगर माहेश्वरी महिला एवं युवा संगठन के अध्यक्ष व मंत्री, पदेन एवं विशेष आमंत्रित सदस्यो ने भाग लिया। बैठक का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, नगर संरक्षक केदार जागेटिया, वरिष्ठ. उपाध्यक्ष अतुल राठी, उपाध्यक्ष अभिजीत सारडा, महावीर समदानी, दिनेश पेडिवाल, प्रहलाद नुवाल, अर्थमंत्री गोपाल नराणीवाल, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार डाड, सह सचिव विनय माहेश्वरी, राजेश कोठारी, राजेंद्र तोषनीवाल, महिला मंडल जिलाध्यक्षा प्रीति लोहिया व नगर महिला मंडल सचिव सोनल माहेश्वरी, नगर युवा संगठन अध्यक्ष अर्चित मूंदड़ा द्वारा भगवान महेश की पूजा अर्चना व द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। उसके पश्चात गत साधारण सभा की कार्यवाही का पठन किया गया। नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने सर्वाईकल कैंसर के द्वितिय चरण के टीकाकरण शिविर के आयोजन कि जानकारी दी। शिविर 12 जनवरी को प्रातः 10 से 1 बजे तक सोनी हॉस्पिटल में लगाया जाएगा। जिसमें 15 से 26 साल की 175 किशोरियों के द्वितीय वैक्सीन लगायी जाएगी। नगर मंत्री संजय जागेटिया ने बताया कि महासभा की योजना के अंतर्गत एक लाख से कम आय वर्ग के माहेश्वरी परिवारों का सर्वे कर उनका निःशुल्क सामूहिक बीमा करवाने की योजना हाथ में ली है, एवं आगामी महेश नवमी आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक मे भीलवाड़ा नगर में क्षेत्रीय सभाओ के विस्तार के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है जिसमे नगर सभा अध्यक्ष एवं मंत्री के साथ ही केदारमल जागेटिया, राजेंद्र बिडला, राजेंद्र पोरवाल, रमेश राठी, नारायण जागेटिया, राधेश्याम सोमानी (मरुधरा) को लिया गया। बैठक मे जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती द्वारा महासभा की फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत अपनी भावी पीढ़ी को बनाए जीनियस कार्यक्रम कि जानकारी दी गई। बाहेती ने बताया की जिला माहेश्वरी सभा एवं श्रीनगर माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान में अपनी भावी पीढ़ी को बनाये जीनियस कार्यक्रम, दिनांक 12 जनवरी 2025 को रामेश्वरम भवन में सायं 3 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमे मुख्य वक्ता रमेश परतानी हैदराबाद (शोध कर्ता एवं बाल विशेषज्ञ) द्वारा भावी पीढ़ी को केसे जीनियस बनाये उस पर टिप्स देंगे। बैठक मे राजेन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, राजेंद्र पोरवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा, जिला अर्थ मंत्री सुशील मरोटीया, जिला संगठन मंत्री महेंद्र काकानी, जिला का. मंत्री के.जी. राठी, जिला महिला मंत्री भारती बाहेती, नगर युवा संगठन मंत्री अंकित लखोटिया, नगर कार्यालय मंत्री सुरेश आगाल व सुरेश पोरवाल सहित समाज के कई पदाधिकारी, क्षेत्रीय महिला अध्यक्ष, मंत्री तथा युवा संगठन क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष मंत्री, उपस्थित रहे। अंत मे उपस्थित सभी समाज जनो द्वारा अपनी भावी पीढ़ी को बनाये जीनियस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

## मरुधरा माहेश्वरी संस्थान द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं एक्यूप्रेशर मेगा कैंप का शुभारम्भ



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** मरुधरा माहेश्वरी संस्थान द्वारा अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता के नेतृत्व मे तीन दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक, एक्यूप्रेशर मेगा कैंप खांडल विप्र विकास ट्रस्ट छात्रावास, नीलकंठ महादेव मन्दिर में किया गया। महासचिव दिनेश राठी ने बताया की शिविर का शुभारम्भ महापोर राकेश पाठक ने भगवान महेश के चित्र के आगे द्वीप प्रज्ज्वलन करके किया। शिविर प्रभारी कैलाश तापडिया, महेश जाजू, सूरज हुरकट व अध्यक्ष शांति प्रकाश मोहता ने महापोर राकेश पाठक व मधुसुधन वेलनेस सूरत के डॉक्टर कमल चोरडीया का स्वागत मेवाड़ी पगड़ी व साल ओडाकर किया। महिला मण्डल अध्यक्ष शीतल चांडक व सचिव संगीता बाहेती ने बताया की सुबह से ही रजिस्ट्रेशन कराने वालो की भीड़ बनी रही, शिविर में 100 से ज्यादा लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया व शिविर में पधारे सभी रोगीयों ने एक्यूप्रेशर करवा कर काफी राहत महसुस की। इस अवसर पर मरुधरा माहेश्वरी संस्थान के सभी पधादिकारी व सभी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में युवा मंच के अध्यक्ष महादेव बाहेती व सचिव हर्ष राठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गुरू गुणानुवाद के साथ मनी अम्बालाल म.सा. की पुण्यतिथि धर्मसभा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





**फतहनगर (पुकार) ।** मेवाड़ संघ शिरोमणी पूज्य प्रवर्तक अम्बालाल म.सा.की 31वीं पुण्य तिथि पर नगर के पावनधाम पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को इस अवसर पर आयोजित गुरू गुणानुवाद धर्मसभा के दौरान उप प्रवर्तक कोमलमुनि सहित अन्य संत साध्वियों ने गुरू अम्बेश के जीवन पर प्रकाश डाला तथा गुरू अम्बेश के बताए मार्ग पर चलने को प्रेरित करते हुए अपना जीवन सफल बनाने की बात कही। धर्मसभा में महासतियों के व्याख्यान भी हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर हर्षितमुनि ने मंगलाचरण किया जबकि महिला मण्डल फतहनगर द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। पावनधाम संस्थान के प्रमुख प्रकाशचन्द्र सिंघवी,अध्यक्ष मनोहरलाल लोढ़ा,महामंत्री दिनेशचन्द्र सिंघवी,कोषाध्यक्ष पारसमल बापना सहित कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा अतिथियों की अगवानी की गयी जबकि स्वागताध्यक्ष जैन कॉन्फ्रेंस युवा शाखा राजस्थान प्रांत द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षता राजेश कुमार बोहरा ने की। ध्वजारोहणकर्ता सूरत के कच्छारा परिवार थे। राजकीय अतिथि के रूप में मावली विधायक पुष्करलाल डांगी एवं पालिका उपाध्यक्ष नीतिन कुमार सेठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कई समाजसेवी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान महावीर हॉल,डॉम हॉल,पार्श्वनाथ हॉल आदि का लोकार्पण करने के साथ ही इनके लाभार्थी परिवारों का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पावनधाम में संचालित भोजनशाला के आगामी लाभार्थी सूरत के प्रकाशचन्द्र सिंघवी एवं परिवार का स्वागत किया गया। इसी प्रकार से कार्यक्रम में सम्पूर्ण टेंट व्यवस्था के लाभार्थी फतहनगर के बाबेल परिवार का भी स्वागत किया गया। लोकार्पण एवं धर्मसभा के उपरान्त स्वामी वात्सल्य का सभी श्रावक-श्राविकाओं ने लाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्र चण्डालिया ने किया। धर्मसभा के बाद अम्बेश गुरू मेमोरियल ट्रस्ट की साधारण सभा में मनोहरलाल लोढ़ा को आगामी तीन वर्षो के लिए पुनः अध्यक्ष बनाया गया। लोढ़ा अपनी कार्यकारिणी आगामी दिनों घोषित करेंगे।

### कीर खेड़ा व किर की चौकी जल मिशन हर घर जल योजना से वंचित



**आकोला ।** कीर खेड़ा व किरकीचौकी जल मिशन हर घर जल योजना से वंचित। क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढूंढिया के किर खेड़ा, किरकीचौकी हर घर जल योजना से वंचित ग्राम पंचायत ढूंढिया के युवा समाज सेवी संदीप चौबीसा ने बताया पूरे देश में मोदी सरकार हर घर जल पहुंचाने का काम कर चुकी हैं, कई क्षेत्रों में यह काम चल रहा है ऐसे में किर खेड़ा व किरकीचौकी वंचित है। इस ओर किसी विभागीय अधिकारी या जनप्रतिनिधि का भी ध्यान नहीं हैं। ग्रामवासियों ने बैठक रखकर बताया कि क्षेत्र के लोगों में नाराज़गी जगजाहिर हो रही है। समाजसेवी व ग्रामीणों ने बताया कि ज़िला कलेक्टर को इस समस्या से अवगत करवाया जायेगा। इस समस्या को लेकर बैठक आयोजित की गई, इस मौके पर बाबू लाल किर, ओम प्रकाश, बाबू लाल, मोहन, पुरण किर, शंकर लाल, मोहन लाल, भीमराज, पप्पू लाल, उदयलाल, नानालाल, भंवर लाल , लच्छीराम किर, तेजपाल, शंकर लाल, दलीचंद, भीमराज, भागचंद्र, उदयलाल किर आदि मौजूद थे।

### झांगर श्याम क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 1 का शुभारम्भ



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** दरीबा पंचायत में पहली बार ऐतिहासिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कोटडी क्रिकेट मैदान पर किया जा रहा है। आयोजनकर्ता विनोद चौधरी ने बताया की दरीबा पंचायत में आने वाले ग्राम दरीबा, कोटडी, समोडी, किरतपुरा, माता जी का खेड़ा के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों को उनकी योग्यता के अनुसार ड्रा के माध्यम से आठ टीमों में विभक्त किया गया तथा लीग के माध्यम से 3 जनवरी से 5 जनवरी तक खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक लादू लाल पितलिया की धर्मपत्नी सीता देवी रही। अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शंभू लाल गुर्जर नेकी। कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति दुर्गेश सिंह, नारायण गाडरी, नारायण जाट, पूसा लाल खींची, भेरू लाल पारीक, संजय चंदेरिया, किशन चौधरी, सूरज सिंह, ऊंकार जाट, सत्येन्द्र चौधरी, ओम प्रकाश सुथार, कान सिंह सिसोदिया आदि रहे। अतिथियों का स्वागत नारायण गाडरी, राजू गाडरी, भरत शर्मा, नीलेश शर्मा, प्रकाश चौहान, नरेंद्र विश्नोई, तेजू पारीक, विजय सिंह ,जगदीश विश्नोई, पुष्पेन्द्र रैगर, पवन रैगर तथा मंच संचालन मास्टर अजीत सिंह द्वारा किया गया।

### अक्षय सेवा संस्थान का नेत्र जांच शिविर 5 को

**भीलवाड़ा (पुकार) ।** अक्षय सेवा संस्थान की ओर से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 5 जनवरी रविवार को हरिशेवा धाम में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। निरूशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) के सहयोग से गोमाबाई नेत्रालय की टीम करेगी। शिविर को लेकर एक बैठक संरक्षक चंद्र देव आर्य कि अध्यक्षता में हुई। इसमें बताया गया कि अब तक संस्था द्वारा दो शिविर लगा चुकी है। अध्यक्ष पवन नागौरी ने बताया कि शिविर कों सफल बनाने केलिये रूपरेखा बनाई गई एवं संस्था सदस्यों कों ज्मिेदारियां दी गई है। उपाध्यक्ष नंद गोपाल शर्मा, सचिव सुनील व्यास, लोकेशशर्मा, राजकुमार शर्मा, बलराज शर्मा, विष्णु सोडानी, राकेश जोशी, मनीष भट्ट, रामजस चौधरी, कोषाध्यक्ष दिनेश तिवारी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा लीला शर्मा, उपाध्यक्षा अनीता चौधरी, निलेश शर्मा, मनीषा बाकलीवाल मौजूद थे।

### आकोला प्रीमियर लीग सीजन 6 का आगाज



**आकोला ।** प्रीमियर लीग सीजन 6 का आगाज एपीएल कार्यकर्ता टीम के तत्वाधान में शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आगाज हुआ। एपीएल संयोजक मोहित पायक नें बताया की प्रतियोगिता मे 8 टीमों ने भाग लिया, प्रत्येक टीम के ओनर व सभी टीमें आकोला नगरपालिका क्षेत्र की है। प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को होगा। विजेता टीम को 13000 रु. और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 10000 रु. ट्रॉफी। प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट बोलर, मैन और टूर्नामेंट प्लेयर को भी ट्रॉफी दी जायेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच माँ शोभावती इलेवन और बी. एन. मोबाइल इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें बी. एन. मोबाइल इलेवन विजयी रही। प्रथम दिन का तीसरा मैच बहुत रोमांचक रहा.. श्री राम ज्वेलर्स नें पहले बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाये और तेजा वाईपर्स के हिम्मत टांक नें अंतिम बाल पर विजयी सिक्स लगाया और तेजा वाईपर्स को जीत मिली। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह मे पूर्व जिला मंत्री श्यामलाल सेन, नगर मंडल अध्यक्ष शंकर लाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष तारा देवी मालीवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष भैरूलाल जाट, नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष हरिनारायण सोनी, मंडल महामंत्री भगवती लाल सेन, पूर्व उपप्रधान नरेंद्र भट्ट, नगर मंडल उपाध्यक्ष बसंती लाल छिपा, समाजसेवी शंकर मालीवाल, रतन टॉक, खुमान माली आदि जनप्रतिनिधियों नें भाग लिया प्रतियोगिता के आयोजन में हिम्मत टांक, मोहित पायक, चेतन मोची, नीरज पटवा, शानू सेठ, कपिल वैष्णव, बप्पी राय, अमित गौड़, पुष्कर जाट, सुमित गौड़, पंकज मालीवाल, गौतम सोनी, अर्जुन पायक, अर्जुन छीपा आदि का योगदान रहा।

## पीईईओ कानड़खेड़ा ने फिर रचा इतिहास



**आकोला (पुकार) ।** पीईईओ कानड़खेड़ा ने फिर रचा इतिहास। धोलपुर में आयोजित 35 वीं राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024-25 पुरूष वर्ग में पीईईओ कानड़खेड़ा अधीनस्थ रा.प्रा.वि. कल्याण पुरा के अध्यापक गोविन्द प्रसाद चित्तौड़गढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए एकल गान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक भूपालसागर सहित चितौड़गढ जिले का नाम रोशन किया।गोविन्द प्रसाद एवं पार्टी ने समूह-गान प्रतियोगिता में भी राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 35 वी राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगित (महिला वर्ग) जो प्रतापगढ़ में आयोजित हुई में भी इसी पीईईओ अधीनस्थ विद्यालय रा. प्रा.वि. कबीर की भागल की अध्यापिक सोनल तुसावड़ा मे प्राप्त किया। एकल-गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पीईईओ कानड़खेड़ा मुश्ताक अहमद शाह एवं स्टाफ ने दोनो प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व में भी इसी पीईईओ से राजेश देवात अध्यापक रा. प्रा.वि. नवलपुरा, गुमान सिंह अध्यापक रा. प्रा.वि. गुजरों की भागल एवं गोविन्द प्रसाद अजीम प्रेमजी संस्थान द्वारा प्रायोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेला 2.0 चित्तौड़गढ़ में अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा के कर कमला से शैक्षिक नवाचारों एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिये सम्मानित हो चुके है। ब्लाक स्तरीय शिक्षक सम्मान 2024-25 में भी इसी पीईईओ में मुश्ताक अहमद शाह एवं राजेश देवात सम्मानिय हो चुके है।

# सेलोता ने खिताब पर जमाया कब्जा, वरवासा रहा उपविजेता

## चौबीसा समाज संभाग स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ सम्पन्न

## लक्षित रहे मैन ऑफ द सीरीज, अपूर्व रहे मैन ऑफ द मैच





चमचमाती ट्रॉफियों के साथ विजेता तथा उपविजेता टीमों के खिलाड़ी।

फोटो:चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर (चन्द्रमौली चौबीसा)।** जिले के आसपुर क्षेत्र के भाड़गा गांव में चौबीसा समाज विकास एवं सेवा संस्थान एवं भाड़गा गांव इकाई के तत्वावधान में चल रही शीतकालीन की संभागीय स्तरीय की क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को प्रधान ललिता डिण्डोर के मुख्यआतिथ्य में समापन हुआ। समापन की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष जयप्रकाश चौबीसा, विशिष्ट अतिथि महामंत्री त्रिभुवन पाडवा, बीएपी के ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल, हीरालाल खरोड़ीया, समाजसेवी मनोज डिण्डोर, कमलाशंकर भाड़गा, पूर्व जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष शैलेष चौबीसा, खेल समिति के अध्यक्ष आशीष आंतरी सहित गाँवो के इकाई अध्यक्ष रहे। अतिथियो ने भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रामीणजनो, युवाओ व क्रिकेटप्रेमियों ने अतिथियों का उपरणा,शॉल व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान ललिता डिण्डोर ने उपस्थित ग्रामीजजनो को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद के माध्यम से समाज मिलन, समाज मे एकजुटता व नई रिश्तों की नींव तैयार होती है। साथ ही विजेता सेलोता व उपविजेता वरवासा माफी के साथ अन्य गांव इकाई के अध्यक्ष व खिलाड़ीयो को समाज मे एकजुटता व मजबूत रहने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में उदयपुर, डूंगरपुर शहर के अलावा भाड़गा, सुरजगांव, डेचा, भगोरा, पाडवा, सागवाड़ा, गड़ाझूमझी, आसपुर, खेड़ा कछवासा, मोवाई, उपरगांव सहित कुल 30 टीमों के 480 खिलाड़ियों ने शिरकत की। मंचासीन अतिथियो ने विजेता सेलोता टीम व उप विजेता वरवासा माफी की टीम को ट्रॉफ़ीयो से नवाजा गया। इस मौके पर संभाग के कई समाजजन और वडिल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कहैंयालाल व्यास व नितेश चौबीसा ने किया। समापन सत्र से पूर्व सुबह सेमीफाइनल में वरवासा माफी ने पाडवा को, सेलोता ने सती सेना भगोरा को हारकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सत्र में फाइनल वरवासा माफी व सेलोता के बीच मे खेला गया। सेलोता ने पहले खेलते हुए 12 ओवर में 87 रन बनाए। वरवासा ने निर्धारित ओवर में मात्र 18 रनों से दूर रही। ऐसे में नई विजेता के रूप में सेलोता व उप विजेता वरवासा माफी की टीम रही।

### खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ऑफ द मैच सेलोता के अपूर्व चौबीसा, मैन ऑफ द सीरीज वरवासा टीम के लक्षित चौबीसा, बेस्ट ऑलराउंडर पाडवा टीम के तरुण चौबीसा, प्रतियोगिता में नवोदित खिलाड़ी आरव एच चौबीसा व लक्की चौबीसा वही बेस्ट विकेट कीपर मधुर चौबीसा, बेस्ट फिल्डर भड़गा के कीर्ति चौबीसा, बेस्ट बॉलर सेलोता के अपूर्व चौबीसा, बेस्ट बैट्समैन सेलोंता चिराग चौबीसा रहे। सभी प्रतिभाओं को मंचासिन अतिथियों ने मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर संभाग के मातृशक्ति, ग्रामीजजन व युवा मौजूद रहे।

# गुलाब का फूल देकर वाहन ड्राइवरों को किया जागरूक



**डूंगरपुर (पुकार)।** पुराना बस स्टैंड पर जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाने के साथ बिना हेलमेट के निकले दुपहिया वाहन ड्राइवरों को हेलमेट देकर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में परिवहन विभाग और पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता माह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को शहर के पुराना बस स्टैंड पर एसपी मोनिका सैन ने वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाने के साथ बिना हेलमेट के निकले दुपहिया वाहन ड्राइवरों को हेलमेट देकर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता माह अभियान के तहत परिवहन और पुलिस की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शुक्रवार को शहर के पुराना बस स्टैंड पर सड़क सुरक्षा माह अभियान को लेकर आमजन को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन, डीएसपी तपेन्द्र मीणा, कोतवाली सीआई भगवानलाल, सदर सीआई हरेंद्र सौदा के साथ परिवहन विभाग के निरीक्षकों ने वाहन ड्राइवरों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, ओवरलोड वाहन नहीं चलाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, ओवर स्पीड़ वाहन नहीं चलाने के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा का महत्व बताया। साथ ही चौपहिया वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए, साथ ही बिना हेलमेट पहने घरों से निकले लोगों को हेलमेट की उपयोगिता के बारे में बताते हुए हेलमेट भी दिए। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह अभियान के तहत 31 जनवरी तक जिलेभर में जागरूकता के कई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं नियमों की अवहेलना करने पर सख्ती भी बरती जाएगी।

# सरदार पटेल प्रीमियर लीग: हरिओम जायंट्स व श्रीराम रॉयल्स डूंगरपुर ने जीते मैच



**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के लक्षण मैदान में चल रही सरदार पटेल प्रीमियर लीग के दूसरे दिन रोमांचक मुक़ाबले रहे। जिसमें अतिथि के रूप में उपसरपंच कमलेश पाटीदार मनपुर, कवि सुनील पटेल, वल्लभराम पाटीदार उपरगांव, विकास रणौली, सहायक मत्स्य अधिकारी रवि पाटीदार आसेला, नरेश खेड़ा कच्छवासा चेतन पाटीदार, गहरीलाल पाटीदार, पार्षद डायालाल पाटीदार रहे। पहला मैच खेड़ा कच्छवासा और हरि ओम जायंट के बीच खेला गया। जिसमें हरि ओम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 197 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए खेड़ा ने 186 रन ही बना पाई। दोनों पारियों में सर्वाधिक स्कोर जितेन्द्र ने 57 रन बनाये और अजय पाटीदार ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच शैंकी रहे। दूसरा मैच श्री राम रॉयल्स डूंगरपुर और डेजर्ट कैपिटल के बीच खेला गया। जिसमें श्री राम रॉयल्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 248 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए डेजर्ट कैपिटल मात्र 114 रन ही बना पाई। दोनों पारियों में सर्वाधिक स्कोर आदित्य पाटीदार ने 73 रन बनाये और हितेश पाटीदार ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच आदित्य पाटीदार रहे। अगला मैच श्री राम रॉयल्स डूंगरपुर और डेजर्ट कैपिटल के बीच खेला गया। जिसमें डेजर्ट कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 58 रन पर आल आउट हो गई। जिसका पीछा करते हुए श्री राम रॉयल्स ने मात्र 2 विकेट खो कर ही 59 रन बना लिए। दोनों पारियों में सर्वाधिक स्कोर अनिल पटेल ने 26 रन बनाए।विपिन पाटीदार ने सर्वाधिक 5 विकेट लिए और संजू ने 4 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच विपिन पाटीदार रहे। मैचो में मीड़िया प्रभारी गिरीश सुरपुर, कमलेश धुवालिया, 9अनिल पादरड़ी, गौरव, गोपाल, मुकेश पटेल भचडडिया, अजय खेड़ा कच्छवासा, रामजी पाटीदार इंदौड़ा, दिलीप पटेल भेहणा मौजूद रहे।

# नदियों तालाबों की स्वच्छ बनाने हेतु जिला कलक्टर की विशेष मुहिम

**डूंगरपुर(पुकार)।** डूंगरपुर (दिनांक 3 जनवरी 2024) स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी कार्यक्रम में आयोजित स्वच्छता सप्ताह में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने जिले की नदियों तालाबों में फैल रहे प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कराने के साथ ही उसके प्रबंधन की अनुठी पहल करते हुए जिले की 353 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जिसमें जिले के समस्त विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों की गुगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित कर स्वच्छता सप्ताह के अन्तर्गत समस्त गांवों नदियों, नालों, तालाबों, आम रास्तों में फैल रहे प्लास्टिक कचरें को ग्राम पंचायत स्तर पर एकत्रित करा राजस्व विभाग के अधिकारियों की कमेटी के द्वारा उसका वजन कराने उसे पंचायत समिति स्तर पर एकत्रित करा नगरपरिषद, डूंगरपुर के भंडारिया स्थित कचरा संग्रहण केन्द्र में भिजवायें जाने के निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर के निर्देशों की पालना के लिए स्वच्छता सप्ताह में जिले में प्लास्टिक कचरा एकत्रितकरण अभियान का शुभारम्भ मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पंचायत समिति डूंगरपुर से किया गया अति.मुख्यकार्यकारी अधिकारी अनिल पहाडिया, जिला समन्वयक डॉ. मनोज दशोरा, लेखाकार धमेन्द्र त्रिवेदी,चन्द्रेश मोदी की जिला स्तरीय कमेटी ने ग्राम पंचायतों में जाकर चल रहे अभियान की निगरानी की जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, ग्राम विकास अधिकारियों व समाज सेवियों के सराहनीय योगदान से जिले के सभी गांवों, नदियों, नालो व तालाबों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करा पंचायत मुख्यालयों पर संग्रहित करा उसका प्लास्टिक बोटल व अन्य प्लास्टिक पॉलीथीन को पृथक-पृथक करवाया जाकर राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में वजन करवाया गया। जिसमें 1924 किलो प्लास्टिक बोतल व अन्य तथा 2371 किलो पॉलीथीन कुल 4295 किलो प्लास्टिक कचरा प्राप्त हुआ। ग्राम पंचायतों के नदियों, तालाबों आम रास्तो में बिखरे प्लास्टिक को इस अभियान के तहत हटाया गया। जिसमें पंचायत समितियों द्वारा नगरपरिषद, डूंगरपुर के भण्डारिया स्थित डस्थ् कचरा संग्रहणकेन्द्र पर इकट्ठा किया गया जिसका पृथक्करण कर आगे की प्रबंधन प्रक्रिया पूर्ण करायी जा रही है।

जिले में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह द्वारा चलाए गए विशेष अभियान से इतनी बडी मात्रा में प्लास्टिक कचरे का एकत्रीकरण एवं प्रबंधन किया गया, यह डूंगरपुर जिले ही नहीं पुरे देश के लिए यह एक मिसाल है। जिले के नदी, तालाबों में एकत्रित प्लास्टिक को हटाने के साथ-साथ इनमें आने वाले समय में प्लास्टिक से होने वाले प्रदुषण में भी कमी आएगी जिले में समय-समय पर इस प्रकार के अभियान आयोजित किये जाकर प्लास्टिक कचरे की मात्रा में कमी लाने के प्रयास जारी रहेंगे। अभियान में सिर्फकचरा एकत्रीकरण ही नहीं घर-घर सम्पर्क कर एकल उपयोगी प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) उपयोग न करने स्वच्छता हेतु श्रमदान करने व लोगों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु समझाने हेतु प्रेरित किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व महिलाओं आदि को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने व स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

इस अभियान में ग्राम पंचायतों को तीन जनसंख्या श्रेणीयों 3 हजार से कम, 3 हजार से 5 हजार व 5 हजार से अधिक में विभक्कत कर एकत्रित कचरे की मात्रा की सूचना तैयार की गई जिसके आधार पर अधिकतम कचरा एकत्रित करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है जिससे लोगों में अधिक से अधिक स्वच्छता कार्य हेतु प्रोत्साहित किया जा सके और जिससे लोगों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी।

# तेज ठंड में ठिठुरते नवजातों को मिला संबल, गर्म कपड़े वितरित



**डूंगरपुर(पुकार)।** कौमी एकता के प्रतिक हज़रत किबला मस्तान शाह बाबा की याद में शुक्रवार को एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर की ओर से सामान्य चिकित्सालय डूंगरपुर में नवजात शिशुओं के लिए गर्म कपड़े वितरित किये गये।

सदर मकरानी ने बताया की मस्तान बाबा की याद में भामाशाहों के सहयोग से हमेशा जनहित के कार्यो में आगे रहा और ग्रुप की ओर से जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं को गर्म कपड़े देकर नवाचार किया गया। डॉ महेंद्र डामोर ने ग्रुप के जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहां कि ग्रुप हमेशा जनहित के अच्छे कामों में आगे रहता है और आज इन्होंने इस सर्दी के दौर में नवजात बच्चों को गर्म कपड़े देकर काफी पुण्य का काम किया है। डॉ.नीलेश गोठी ने कहा कि ग्रुप की याद में साल भर अच्छे कामों में लगा रहता है इनकी ओर से लगातार राशन वितरण कंबल वितरण वृक्षारोपण कपड़े की थैलियां का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर डॉ महेंद्र डामोर,डॉ निलेश गोठी, मेलनर्स राकेश सुथार, महेशचन्द्र जैन,अशोक जैन, प्रदीप रोत, दिपक पंड्या, एड़वोकेट हितेश भंडारी, संदीप सेठीया, फिरोज कुरैशी, आसीफ मुल्तानी व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी मौजूद थे। अन्त में धर्मेंद्र कलाल का आभार आभार जताया।

# बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थापना दिवस पर किया 51 यूनिट रक्तदान




**डूंगरपुर(पुकार)।** बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के तेरहवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमो की श्रृंखला में शुक्रवार को बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय बांसवाड़ा परिसर में क्षेत्रीय प्रबन्धक कमल कुमार सोनी की अध्यक्षता में भारतीय ब्लड सेंटर एवं उनकी विशेषज्ञ मेडिकल टीम की उपस्थिति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्तदान किया गया।

शिविर का उद्घाटन डॉ हरीश कटारा निदेशक भारतीय ब्लड बैंक बांसवाड़ा, कमल कुमार सोनी क्षेत्रीय प्रबंधक, परमेश्वर गुप्ता मुख्य प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकए बैंक ऑफबड़ौदाए भारतीय स्टेट बैंक के स्टाफ सदस्योंए बैंक के ग्राहकोंए सेवा निवृत्त स्टाफ सदस्यों द्वारा रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान प्रदान किया। शिविर के सफ्ल आयोजन पर क्षेत्रीय प्रबंधक के के सोनी ने भारतीय ब्लड बैंक की डॉक्टर कुसुम कांत पटेल एवं उनकी टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक कमल कुमार सोनी एवं मुख्य प्रबंधक परमेश्वर गुप्ता ने बताया कि बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के साथ ही सामाजिक सेवा में बैंक की भागीदारी हेतु इस प्रकार के शिविर का आयोजन समाज के प्रति संस्थागत दायित्व का निर्वहन हो कर एक पुनीत कार्य हैं।समस्त रक्त दाताओं को ब्लड बैंक और बैंक द्वारा प्रमाण.पत्रए स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया। आभार प्रदर्शन प्रबन्धक सागर जीनगर द्वारा किया गया।

# जिला कलक्टर ने वरसिंगपुर रात्रि चौपाल में सुनी परिवेदनाएं निस्तारण के दिए निर्देश

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने गुरुवार ग्राम पंचायत वरसिंगपुर पंचायत समिति सागवाड़ा में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा संबंधित विभागध्यक्ष से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये।

रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों ने परिवेदनाओं को प्रस्तुत किया। इस पर जिला कलक्टर सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारी को मौके पर ही परिवेदना का निस्तारण ग्राम, जिला अथवा राज्य स्तर जिस स्तर से संबंधित है तथा उसका निस्तारण कब तक किया जा सकता है, उसकी जानकारी ग्राम वासियों को देने के निर्देश दिए, जिस पर संबंधित अधिकारियों ने पूर्ण जानकारी प्रदान की।

रात्रि चौपाल में ग्रामीणों न रिंगवाल निर्माण, श्मशान घाट के नव निर्माण कार्य, वरसिंगपुर पटवार मण्डल को सागवाड़ा तहसील में जोडने, सीसी सडक का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायल वरसिंगपुर पटवार मण्डल को भू अभिलेख वृत सागवाड़ा में यथावत रखने, राजस्व गॉव बडलिया में विकास कार्य करने, बडलिया में सडक एवं तैजोर तालाब एवं सौन्र्दयीकरण, तैजोर तालाब को भीखा भाई सागवाड़ा नहर परियोजना से जोडने, उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वाथ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने, सेवक पुजारी समाज वरसिंगपुर के सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के जिला सामुदायिक भवन निर्माण करने की परिवहन प्रस्तुत की। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए।

प्रतिभावान विद्यार्थियों का बढ़ाया हौंसलाः-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरसिंगपुर के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला कलेक्टर ने माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# नहरों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग

**डूंगरपुर(पुकार)।** आदिवासी जनाधिकार एकामंच जिला कमेटी डूंगरपुर के सचिव फाल्गुन भराड़ा ने बताया कि कोड़ियागुण बांध की दोनों नहरों को व्यवस्थित करने, सिंगुडिया गड़ा मौरिया तालाब की नहर, सोम का पानी लिफ्ट के माध्यम सिंगुड़िया तालाब में लाने,कांकरीसोल गड़ा कोकल नई नहर ठीक करने सहित मांगों को लेकर जिला कलक्टर सहित अधिषाषी अभियंता, विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

अधीशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग, सिंचाई विभाग कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर कोड़ियागुण नहरे तुरंत प्रभाव से ठीक कर जल्द से जल्द किसानों के खेतों तक पानी पहुँचाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष गौतमलाल डामोर ने कहा कि यह कि तहसील गामड़ी अहाड़ा के कोड़ियागुण बांध की दोनों नहरों से पानी का सीपेज हो रहा है। जिसे अतिशीघ्र पुर्ननिर्माण कर बंद करवाया जावे एवं किसानों को अतिशीघ्र पानी दिया जावे तथा पूर्वी व पश्चिमी नेहरे अभी तक अंतिम छोर तक निर्माण नही हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 वीं स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह कार्यक्रम-2025 कल

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन के हिमांशु भावसार ने बताया कि श्री गल्ला किराणा व्यापारी एशोसिएशन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर एवं 2025 के आगगन पर स्वर्ण जयन्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम 5 जनवरी रविवार को सपरिवार स्नेह मिलन समारोह का आयोजन राजकुमार के फार्म हाउस ग्रीन वेली रिसोर्टद्ध मॉडल स्कूल के पारा सुरपुर में रखा गया है, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया है जिसमें आप सभी एसोसिएशन के सदस्य इरा स्नेह मिलन समारोह में सपरिवार सादर आमंत्रित है। श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों से निवेदन है की कार्यक्रम के दिन अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रखकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में आप पूर्ण योगदान दे।

### आशा सहयोगिनी के बकाया मासिक भुगतान की मांग

**डूंगरपुर (पुकार)।** राजस्थान आशा सहयोगिनी एवं साथिन यूनियन जिला कमेटी डूंगरपुर एवं सीटू जिला सह संयोजक बंसीलाल खराड़ी ने बताया कि आशा सहयोगिनी एवम साथिनों का मानदेय पिछ्ले माह से बकाया चल रहा है उसे तत्काल भुगतान कराने को लेकर पुरजोर मांग की। उसका भुगतान किए जाने ओर भविष्य में मानदेय का भुगतान एक साथ पहली तारिख प्रतिमाह नियमित देने की पुख्ता प्रबंध करने की मांग की। विभाग चिकित्सा में आशा सहयोगिनी से कई प्रकार के कार्य करवाए जाते हैं,लेकिन समय पर मानदेय का भुगतान नही किया जाता है।

केंद्र सरकारों ने वर्षो से आशा सहयोगिनी को कर्मचारी का दर्जा नहीं दे कर महिलाओं का भारी शोषण करती आ रही हैं। केन्द्र राज्य की किसी भी सरकार ने आशा सहयोगिनी को कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया ये बहुत चिंताजनक है। सीटू यूनियन पिछ्ले सालों से न्यूनतम 26 हजार रूपया मानदेय देने तथा सरकारी कर्मचारी का दर्जा देकर वेतनमान,पेंशन, मेडिकल सेवा सुरक्षा देने की मांग विभिन्म लोकतांत्रिक गतिविधियों से अवगत कराया है। इन्हे विभागीय बैठकों में आने जाने का यात्रा भत्ता देना चाहिएस विभाग द्वारा विभिन्न तरह की ऑनलाइन सूचना के नाम पर आशा सहयोगिनी को परेशान किया जा रहा हैं उसे रोकने की मांग की है।

### तेज रफ्तार पिकअप डिवाइड़र पर चढ़ी

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रेती स्टैंड के पास गुरुवार रात को एक तेज रफ्तार पिकअप ने डिवाइड़र पर 3 गमले तोड़ दिए। एक रोड़ लाइट पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना रात के समय होने और सड़क पर कोई दूसरी गाड़ी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में तीजवड़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू हो गई। रात करीब 1 बजकर 13 मिनट पर पिकअप रेती स्टैंड के पास डिवाइडर पर चढ़ गई। पिकअप एकए दो और 3 डिवाइडर को टक्कर मार दी। वहीं एक रोड़ लाइट को भी तोड़ दिया। घटना में पिकअप भी क्षतिग्रस्त हो गई। पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर पर गमले टूटने के बाद केवल धूल के गुबार ही उड़ते दिखे। घटना के बाद कोतवाली पुलिस और नगर परिषद की टीम भी पहुंच गई। हादसे के समय कोई दूसरी गाड़ी और लोग नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। घटना मौके पर एक ट्रैवल्स के ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें पिकअप की टक्कर के बाद धूल उड़ते हुए ही दिख रही है। वहीं पुलिस ने पिकअप को जब्त कर कोतवाली थाने में खड़ी करवाई है। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

### भाभी की हत्या का आरोपी देवर गिरफ्तार

**डूंगरपुर (पुकार)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने मोदर गांव में भाभी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी देवर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। देवर-देवरानी के झगड़े में बीच-बचाव करने आई भाभी की देवर ने लट्ठ मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि चुंडावाड़ा निवासी मुकेश भगोरा ने 30 दिसम्बर को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 15 साल पहले उसने अपनी बहन राजू की शादी मोदर गांव निवासी लालशंकर से करवाई थी। 29 दिसम्बर को राजू के देवर हरीश और उसकी पत्नी के बीच मोबाइल चलाने की बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस पर राजू ने अपने देवर-देवरानी के झगड़े का बीच=बचाव किया तो इस दौरान देवर हरीश ने गुस्से में आकर लट्ठ से अपनी भाभी पर वार कर दिया। जिसके चलते उसकी भाभी की मौत हो गई। वहीं आरोपी देवर हरीश फरार हो गया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी देवर की तलाश शुरू की। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी देवर हरीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस हत्यारे देवर से पूछताछ कर रही है।

### खुले बोरवेल में होने वाली दुर्घटना की रोकथाम के संबंध में बैठक का आयोजिन

**डूंगरपुर (पुकार)।** जिला कलेक्टर कार्यालय डूंगरपुर बैठक कक्ष में जिला कलक्टर के निर्देशानुसार खुले एवं असफल बोरवेल में छोटे बच्चो के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओ की रोकथाम के दिशा निर्देश प्रदान करने एवं आवश्यक चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे जिला डूंगरपुर में कार्यरत विभिन्न वेधन इकाई फर्म के प्रतिनिधि, विकास अधिकारी समस्त जिला डूंगरपुर, आयुक्त नगर परिषद डूंगरपुर, भू-जल वैज्ञानिक भूजल विभाग डूंगरपुर ने भाग लिया। बैठक में अधिशासी अभियंता भू-जल विभाग डूंगरपुर द्वारा ड्रिलिंग एजेंसी प्रतिनिधियो को वेधन किए गए किसी भी बोर को खुला नहीं छोड़ने एवं वेल्डिंग द्वारा केप से पूरा बंद करने की तथा अन्य सभी राज्य स्तर पर जारी गाइड़ लाइन की कठोरता से पालना करने हेतु चर्चा कर जानकारी दी गई।

### केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री की यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित

**डूंगरपुर (पुकार)।** श्री सी. आर. पाटिल, माननीय केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली की 4 जनवरी को जिले में यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने यात्रा कार्यक्रम के दौरान अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग डूंगरपुर माननीय केन्द्रीय मंत्री के आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी का कार्य सम्पादित करेंगे, तथा जिला पुलिस अधीक्षक, डूंगरपुर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे

### आयुर्वेद विभाग का नि:शुल्क शिविर आज से

**डूंगरपुर (पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग, डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन 4 से 13 जनवरी तक ग्राम पंचायत भवन दोवड़ा में किया जाएगा। आयुर्वेद विभाग, डूंगरपुर के उप निदेशक डॉ.मनोहर सिंह राव ने बताया कि शिविर में अर्श (पाइल्स),भगदर (फिस्टुला) एवं परिकर्तिका (फि शर) आदि गुदा रोगों का क्षार सूत्र विधि से निःशुल्क ऑपरेशन के साथ-साथ आयुर्वेद विभाग के विशेषज्ञों द्वारा स्त्री रोग सफेद पानी, रक्त प्रदर, पीसीओड़ी, वातरोग, संविवात आमवात, कमर दर्द, पेट संबंधित विकार-अम्लपित, कब्ज, अल्सर, गृहणी, त्वचा, विकार, दाद, एक्जीमा, सफेद दाग,जीवन शैली जन्य विकार, बीपी, शुगर, थाइराइड़, किड़नी विकार,पथरी, पेशाब संबंधित बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

### कार की टक्कर से बाईक सवार सहित तीन घायल

**डूंगरपुर (पुकार)।** अस्पताल में इलाज कराकर लौट रहे बाइक सवार देवर भाभी और ड़ेढ साल के बच्ची शुक्रवार दोपहर एक बजे वागदरी के निकट तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी दी। हादसे में बाइक चला रहा देवर और 6 माह की गर्भवती भाभी और उसका डेढ़ साली की बच्ची को गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी अनुसार वागदरी निवासी संगीता पत्नी मुकेश डोमार अपनी डेढ़ साल की बच्ची साक्षी को लेकर देवर राहुल पुत्र रणछोड डामोर के साथ देवल अस्पताल में टीकाकरण के लिए आए हुए थे। जहां से वापस घर लौटते समय वागदरी के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादेसे में देवर भाभी और डेढ़ साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के ग्रामीणों ने 108 की मदद से तीनों घायलों को डूंगरपुर अस्पताल में पहुंचाया गया। डॉक्टरो 6 माह की गर्भवती संगीता को रेफर कर दिया वहीं राहुल और डेढ़ साल की बच्ची साक्षी का डूंगरपुर जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

